Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 259 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, गुरुवार 11 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



यदि कल्पना का सदुपयोग करें तो वह परम हितैषिणी हो जाती है।
If we use imagination good, it will be absolute benevolent of our self.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### 10 मई को खुलेंगे श्रद्धालुओं के लिए गंगोत्री धाम के कपाट

**उत्तरकाशी (आरएनएस)।** 10 मई को श्रद्धालुओं के लिए गंगोत्री धाम के कपाट खुलने जा रहे हैं। नवरात्रि के शुभ अवसर पर यह तारीख घोषित हुई है। विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर 10 मई को 12:25 बजे अभिजीत मुहूर्त और अमृत बेला पर खोले जाएंगे। इस अवसर पर गंगा सहस्त्रनाम पाठ किया जाएगा। केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को सुबह 7 बजे और बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 6 बजे खुलेंगे। प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां की शुरू की। इस बार भी तीर्थयात्रियों को यात्रा करने से पहले पंजीकरण कराना अनिवार्य रहेगा।

### पांच किलो सोने के साथ इंदौर एयरपोर्ट पर तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर (आरएनएस)।** विदेश से तस्करी कर लाए करीब पांच किलो सोने के साथ डायरेक्टोरेट आफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआइ) ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इंदौर एयरपोर्ट पर मंगलवार रात डीआरआइ ने कार्रवाई की। शारजाह से आने वाली उड़ान संख्या आइएक्स-256 से आरोपी सोना लेकर एयरपोर्ट पर उतरा था। डीआरआइ को इस संबंध में गोपनीय सूचना मिली थी। आरोपी मूलतः गुजरात का रहने वाला है।

## द्रमुक ने तमिलनाडु के लोगों को पुरानी सोच में फंसाये रखा है : पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री ने भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक विशाल रैली किया संबोधित**



**चेन्नई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि द्रमुक ने तमिलनाडु को न सिर्फ पुरानी सोच और पुरानी राजनीति में जकड़ कर रखा है बल्कि फूट डालो और राज करो के अपने एजेंडा को भी पूरी ताकत से आगे बढ़ा रहा है। वेल्लोर फोर्ट मैदान से वेल्लोर, कृष्णागिरि, धर्मपुरी, अरणी, अरक्कोणम और तिरुवन्नामलाई लोकसभा सीटों के लिए भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्रमुक पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का भी आरोप लगाया।

द्रमुक की राजनीति पर अफसोस जताते हुए उन्होंने कहा कि द्रमुक पारिवारिक राजनीति, भ्रष्टाचार और तमिल विरोधी संस्कृति को आधार बनाकर चुनाव लड़ता है। उन्होंने कहा कि द्रमुक के परिवार ने तमिलनाडु के युवाओं को अस्थिर कर दिया है और व्यवस्थित लूट को बढ़ावा दिया है, जिससे तमिलनाडु विकास से वंचित रह गया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार द्रमुक का कॉपीराइट है। प्रधानमंत्री ने द्रमुक की राजनीति पर हमला करते हुए उल्लेख किया कि पार्टी ने नए संसद भवन में पवित्र सेंगोल की स्थापना का भी बहिष्कार किया था, जो भारत की स्वतंत्रता का संस्थापक प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा तमिल संस्कृति को बढ़ावा देने का रहा है, चाहे वह काशी-तमिल संगमम हो, सौराष्ट्र-तमिल संगमम हो या संयुक्त राष्ट्र में तमिल बोलना हो। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि 21वीं सदी विकसित भारत और विकसित तमिलनाडु के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने इसे सक्षम करने के लिए पिछले 10 साल में अभूतपूर्व विकास की नींव रखी है। हमने कमजोर अर्थव्यवस्था और ढेर सारे घोटालों के बीच बड़े और साहसिक फैसले लिए हैं। आज, जब भारत सभी क्षेत्रों में सर्वोपरि सफलता हासिल कर रहा है, इसमें तमिलनाडु के लोगों की कड़ी मेहनत, प्रतिभा और क्षमता का महत्वपूर्ण योगदान है। पीएम ने कांग्रेस-द्रमुक की नीतियों पर तमिलनाडु में मछुआरों के जीवन को लगातार खतरे में डालने का आरोप लगाते हुए, कच्चातिवु द्वीप की दुर्भाग्यपूर्ण उपेक्षा और अनदेखी की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा कि कच्चातिवु द्वीप की उपेक्षा कांग्रेस की एक बड़ी भूल थी, जिससे तमिलनाडु में मछुआरों का जीवन हमेशा के लिए खतरे में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार भारतीय मछुआरों को वापस लेकर आई। तमिलनाडु के लोगों के लिए शक्ति के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडिया गठबंधन का लक्ष्य तमिलनाडु के लोगों की प्रिय शक्ति को खत्म करना है। प्रधानमंत्री ने राज्य पर केंद्र सरकार के फोकस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह तमिलनाडु में रक्षा गलियारे को आगे बढ़ा रही है जो राज्य का चेहरा बदल देगा। तमिलनाडु से अंतरिक्ष क्षेत्र में भी कई स्टार्ट-अप हैं जिन्होंने देश की अंतरिक्ष यात्राओं में मदद की है। इससे पहले वेल्लोर के लोगों ने पीएम का जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं वेल्लोर के इतिहास, पौराणिक कथाओं और बहादुरी को नमन करता हूं। वेल्लोर ने अंग्रेजों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण क्रांति की, और वर्तमान में, एनडीए के लिए इसका मजबूत समर्थन फिर एक बार मोदी सरकार की भावना दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा उम्मीदवारों, ए.सी. षणमुगम (वेल्लोर), सौम्या अंबुमणि (धर्मपुरी), बालू (अरक्कोणम), सी.आर. नरसिम्हन (कृष्णागिरी), असुवथमन (तिरुवन्नामलाई), ए. गणेश कुमार (अरानी) का भी परिचय कराया और लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की।

### मोदी ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा, कहा- 'वे झूठ बोल रहे'

**मुंबई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के बाद महाराष्ट्र के रामटेक में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विपक्ष के नेता देशभर में झूठ फैला रहे हैं कि अगर मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो लोकतंत्र और संविधान खतरे में पड़ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं जब से राजनीति में आया हूं, तब से एक भी चुनाव ऐसा नहीं बीता जब विपक्षी नेताओं ने यह झूठ न फैलाया हो। उन्होंने सवाल पूछा कि क्या आपातकाल के दौरान लोकतंत्र खतरे में नहीं था? अब एक गरीब के बेटे के प्रधानमंत्री बनने के बाद, विपक्ष को लोकतंत्र खतरे में दिखाई देने लगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन के नेता लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि अगर लोग एकजुट हो गए तो उनकी राजनीति खत्म हो जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के नेता हिंदू धर्म की शक्ति को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने जनता से सवाल किया कि क्या आप इस इस गठबंधन को महाराष्ट्र में एक भी सीट जीतने देंगे? उन्होंने लोगों से कहा कि विपक्ष को दंडित करना जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि जब मोदी को अपशब्द मिलने लगें, जब वे मेरी मां को लेकर बुरा भला कहें और जब ईवीएम पर सवाल उठाए जाएं तो जनता को समझना चाहिए कि अब की बार 400 पार।

## मुख्यमंत्री ने बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 10-10 दस लाख रूपए की मुआवजा राशि देने की घोषणा की



**रायपुर (आरएनएस)।** कुम्हारी में बीती रात हुए बस दुर्घटना के घायलों से मुलाकात करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एम्स पहुंचे. केडिया डिस्टलरी के घायल कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना, इसके साथ ही बेहतर से बेहतर इलाज के लिए एम्स प्रबंधन को निर्देशित किया.

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घायलों से मुलाकात के बाद मीडिया से चर्चा में घटना को दुखद बताते हुए कहा कि घटना होते ही प्रशासन-शासन की टीम मौके पर रात से मौजूद रही. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कल रात में ही एम्स पहुंच चुके थे. प्रधानमंत्री राज्यपाल ने इस घटना पर संवेदना व्यक्त की है. बेहतर से बेहतर इलाज के लिए एम्स को निर्देशित किया है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कंपनी ने मृतक के परिजनों के लिए 10 लाख रुपए मुआवजा राशि की घोषणा की है. साथ ही साथ मृतक के परिवार में से एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी. घायलों के बेहतर इलाज के लिए कंपनी और सरकार खर्च वहन करेगी. उन्होंने कहा कि न्यायिक जांच की घोषणा की गई है. जांच रिपोर्ट आने के बाद जो कोई भी दोषी होगा, उसे बक्शा नहीं जाएगा. इस तरीके की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इस पर विचार किया जाएगा।

एम्स के डायरेक्टर अशोक जिंदल ने बताया कि कुम्हारी हादसे में घायल 10 मरीज भर्ती हैं. दो की हालत गंभीर है. एक पेशेंट के मस्तिष्क में चोट लगने के कारण काफी सीरियस है. चार को आज डिस्चार्ज किया जा सकता है. माइनर सर्जरी के बाद दो-चार दिन में सबको डिस्चार्ज किया जाएगा. एम्स की पूरी टीम घायलों के उपचार में लगी है.

## बस दुर्घटना की दण्डाधिकारी जांच प्रारंभ

**15 दिवस के भीतर एसडीएम कार्यालय में जानकारी या लिखित सूचना आमंत्रित**

**दुर्ग (आरएनएस)।** जिले के महामाया केडिया रोड पत्थर खदान कुम्हारी में सड़क दुर्घटना के संबंध में दण्डाधिकारी जांच प्रारंभ हो गई है। विगत 09 अप्रैल 2024 को समय 20:10 बजे महामाया पारा केडिया पत्थर खदान कुम्हारी में केडिया डिस्टलरी कंपनी के बस क्रमांक सीजी 07 सी 7783 के पत्थर खदान में गिरने से बस में बैठे लोगों को चोटे आई तथा 12 लोगों की मृत्यु हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा उक्त घटना के कारणों की दण्डाधिकारी जांच हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई-3 को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई-3 श्री महेश सिंह राजपूत द्वारा घटना की दण्डाधिकारी जांच प्रारंभ कर दी गई है।

जांच के बिन्दु इस प्रकार है- सड़क दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई?, क्या घटना के तत्काल बाद मृतकों एवं घायलों को पर्याप्त चिकित्सा व्यवस्था/सुविधा उपलब्ध करायी गई?, सड़क दुर्घटना के इस घटना के लिए कोई जिम्मेदार तो नहीं है?, अन्य बिन्दु जो जांच अधिकारी उचित समझे? तथा इस दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो, के संबंध में आवश्यक सुझाव? उक्त घटना के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जानकारी या लिखित सूचना देनी हो तो वे समाचार प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय भिलाई-3 में उपस्थित होकर जानकारी या लिखित सूचना दे सकते हैं।

## कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप बताने पर राहुल गांधी ने दिया जवाब



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार हमला कर रही है। भाजपा कांग्रेस के घोषणापत्र को मुस्लिम लीग से प्रभावित बता रही है। इसी बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके घोषणापत्र पर सवाल उठाने पर निशाना साधा है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, ये चुनाव दो विचारधाराओं की लड़ाई है! एक तरफ कांग्रेस है, जिसने हमेशा भारत को जोड़ा और दूसरी तरफ वो हैं, जिन्होंने हमेशा लोगों को बांटने की कोशिश की है। इतिहास गवाह है, किसने देश का विभाजन चाहने वाली ताकतों से हाथ मिलाकर उन्हें मजबूत किया और कौन देश की एकता और स्वतंत्रता के लिए लड़ा।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आगे लिखा, कौन 'भारत छोड़ो आंदोलन' के समय अंग्रेजों के साथ खड़ा था? जब भारत की जेलें कांग्रेसी नेताओं से भर गई थी, तब कौन देश को बांटने वाली ताकतों के साथ राज्यों में सरकार चला रहा था? राजनीतिक मंचों से 'झूठ की बौछार' करने से इतिहास नहीं बदलता।

इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी के कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप बताने पर जवाब दिया था। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह व उनके नॉमिनेटेड अध्यक्ष आज कांग्रेस घोषणापत्र के बारे में उल्टी-सीधी भ्रांतियां फैला रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि पीएम मोदी के भाषणों में केवल आरएसएस की बू आती है।


बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी रैलियों में कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र के हर पन्ने पर भारत के टुकड़े करने की बू आ रही है। कांग्रेस के घोषणापत्र में वही सोच झलकती है, जो सोच आजादी के समय मुस्लिम लीग में थी। मुस्लिम लीग के उस समय के विचारों को कांग्रेस आज भारत पर थोपना चाहती है।

### हम 16 को करेंगे जालंधर और लुधियाना सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान : भगवंत मान

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट डालकर जानकारी दी कि जालंधर और लुधियाना सीटों पर 16 अप्रैल को उम्मीदवारों का ऐलान किया जाएगा। उन्होंने साथ में जिंदाबाद भी लिखा। भगवंत मान की इस पोस्ट के बाद यह क्लीयर हो गया है कि दोनों सीटों पर उम्मीदवारों का नाम फाइनल लगभग फाइनल हो चुका है और 16 को जनता के सामने नाम घोषित कर दिए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि जालंधर से आम आदमी पार्टी ने सुशील रिंकू को प्रत्याशी घोषित जोकि अब भाजपा में चले गए हैं और भाजपा प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं वहीं लुधियाना से भाजपा की तरफ से रवनीत बिट्टू मैदान में हैं।

## एनआईए को फंसाकर ब्लास्ट के आरोपियों को बचाना चाहती हैं ममता बनर्जी : अमित शाह



**कोलकाता (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 2022 के भूपतिनगर विस्फोट मामले के आरोपियों को बचा रही हैं और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों को फंसाने की कोशिश कर रही हैं। बालुरघाट से पार्टी उम्मीदवार और पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के समर्थन में दक्षिण दिनाजपुर जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, वहां एक विस्फोट हुआ था। क्या ब्लास्ट के आरोपियों पर कार्रवाई जरूरी नहीं? लेकिन जब एनआईए अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू की और उन पर हमला किया गया, तो मुख्यमंत्री केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों पर मामला दर्ज कर जांच अधिकारी को फंसाने का प्रयास कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि चूंकि एनआईए अधिकारी कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर मामले की जांच कर रहे हैं, इसलिए वे विस्फोट के पीछे के आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल में पड़ोसी देश से लोगों के आने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री कभी भी अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करेंगी। वे उनकी पार्टी के वोट बैंक हैं। असम में पहले भी अवैध प्रवास की समस्या थी, लेकिन बीजेपी के सत्ता में आने के बाद अब यह पूरी तरह से बंद हो गया है। इसलिए मैं आज कह रहा हूं कि अगर आने वाले दिनों में भाजपा राज्य में सत्ता में आती है तो पश्चिम बंगाल में भी अवैध प्रवास को पूरी तरह से रोक दिया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी तुष्टीकरण की राजनीति के चलते तीन तलाक प्रथा को खत्म करने या सीएए लाने का विरोध करती हैं। उन्होंने कहा, तीन तलाक के उन्मूलन से लाखों अल्पसंख्यक महिलाओं को राहत मिली है। सीएए अधिसूचना उन शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए है जो धार्मिक कट्टरता के शिकार हैं। अंत में अमित शाह ने कहा कि भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर 370 से अधिक का आंकड़ा हासिल करने के लिए पश्चिम बंगाल में 30 का आंकड़ा पार करना होगा।

## भाजपा ने लोकसभा उम्मीदवारों की एक और लिस्ट की जारी

**चंडीगढ़ से किरण खेर, इलाहाबाद से रीता बहुगुणा जोशी का कटा टिकट**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की. पार्टी ने चंडीगढ़ से मौजूदा सांसद किरण खेर को हटा दिया है और आगामी चुनाव में उनकी जगह संजय टंडन को मैदान में उतारा है. इसके अलावा इलाहाबाद से रीता बहुगुणा जोशी का भी टिकट कटा है. पार्टी ने उनकी जगह इस बार इलाहाबाद से नीरज त्रिपाठी पर भरोसा जताया है. आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा के खिलाफ एसएस अहलुवालिया को उतारा गया है. इस लिस्ट में नौ उम्मीदवारों के नाम हैं. इनमें उत्तर प्रदेश की सात और पश्चिम बंगाल की आसनसोल और चंडीगढ़ सीट शामिल है. बीजेपी ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को बलिया से टिकट दिया है. समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव के सामने जयवीर ठाकुर को टिकट दिया है. वह इस समय यूपी की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं. वहीं गाजीपुर से मुख्तार अंसारी के भाई और सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी के सामने पारसनाथ राय को उतारा है. पार्टी ने फूलपुर से प्रवीण पटेल, कौशाम्बी से विनोद सोनकर, मछलीशहर से बीपी सरोज को मैदान में उतारा है.




## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान का प्रसिद्ध पारंपरिक त्योहार गणगौर का पूजन समारोह हर्षोक्लास के साथ सम्पन्न



**रायपुर (विश्व परिवार)।** गणगौर पूजन में रमी महिलाएं प्रजापति निवास, मालवीय रोड में राजस्थान का प्रसिद्ध पारंपरिक त्योहार गणगौर का पूजन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समाज की महिलाओं ने पूजा पाठ कर भजन कीर्तन किया। शानदार सजावट भी इस अवसर पर की गई। राजस्थान की पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने उत्साह से गणगौर उत्सव मनाया। इस अवसर पर शीला प्रजापति, रेखा प्रजापति, वृंदा प्रजापति, शारदा प्रजापति, पूनम प्रजापति, रिमधा प्रजापति, वंदना प्रजापति, राजकुमारी व्यास पूजन में शामिल रहीं।

### राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने बस दुर्घटना में व्यक्तियों की मृत्यु पर शोक जताया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कुम्हारी थाना अंतर्गत रायपुर-दुर्ग मार्ग पर कल निजी कंपनी के कर्मचारियों से भरी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 12 लोगों की मृत्यु को अत्यंत पीड़ाजनक बताया और गहरा दुख व्यक्त किया। राज्यपाल ने कहा, महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोक-संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करें। साथ ही राज्यपाल ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

### कुम्हारी सड़क हादसे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, दीपक बैज ने प्रकट किया संवेदना

**रायपुर (आरएनएस)।** कुम्हारी सड़क हादसे पर कांग्रेस ने दुख प्रकट किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने संवेदना प्रकट किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी ने इस घटना पर गहरा दुख प्रकट करते हुये मृतकों को श्रद्धांजली दिया है तथा उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुये घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना किया है। कुम्हारी में केडिया डिस्टलरी के कर्मचारियों की बस दुर्घटना पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने दुख प्रकट करते हुये कहा कि कुम्हारी में हुई सड़क दुर्घटना हृदय विदारक है। दुर्घटना में मृत लोगो के परिजनों के प्रति मैं हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है। पूरी कांग्रेस पार्टी प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। प्रशासन से आग्रह है कि घायलों की चिकित्सा और देखरेख में कोई कोताही नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाये।

## कलेक्टर ने ट्रैक्टर चलाकर दिए मतदाता जागरूकता का संदेश, पहली बार ट्रैक्टर महारैली का हुआ आयोजन

### लोकसभा निर्वाचन 2024 : रैली में विभिन्न झांकियां रही आर्कषण का केंद्र, 25 किलोमीटर की दूरी को 51 ट्रैक्टरों ने की पूरी

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जिला मुख्यालय में पहली बार ट्रैक्टर महारैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 25 किलोमीटर मार्ग को 51 ट्रैक्टरों के माध्यम से पूरी की गई। महारैली के उत्साह को बढ़ाने एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए सशक्त संदेश देने के लिए स्वयं कलेक्टर के एल चौहान ने ट्रैक्टर की स्टेरिंग को संभाला और खुद ट्रैक्टर चलाते हुए पूरी रैली का नेतृत्व किया।कलेक्टर को ट्रैक्टर चलाते देख बड़ी संख्या में पहुंचे किसान, ग्रामीण, नगरवासी एवं आधिकारी कर्मचारी भी दंग रह गए। एक ओर जहां कलेक्टर श्री चौहान ट्रैक्टर चला रहे थे वही दूसरी तरफ ट्रैक्टर में दो वरिष्ठ महिला अधिकारी जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल एवं एसडीओपी श्रीमती निधी नाग पुरे रैली भर उनके साथ बैठे रही जो की काबिले तारीफ़ थी। इस रैली में स्कूली किसान, छात्र, छात्राएं, शिक्षक, आमजन, ग्रामीण, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक, पुलिस के जवान सहित अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में शिरकत किए। रैली को आकर्षक बनाने के कुछ चयनित विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता संबधित झाकियां भी तैयार की गई है जो की आर्कषण का केंद्र रहा। झाकियों में आदिवासी विकास विभाग द्वारा आदिवासी नृत्य एवं गीत, महिला बाल विकास विभाग द्वारा नव विवाहिता वधु, कृषि विभाग द्वारा सेल्फी जोन, एनाईसी द्वारा चुनाव संबधित विभिन्न एप्लिकेशन की जानकारियां, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्काउट गाइड के द्वारा आदर्श मतदान केंद्रों में सहयोग, वन विभाग द्वारा वन्य जीव एवं बार अभ्यारण्य सहित अन्य शामिल रहा।इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। ट्रैक्टर रैली जिला मुख्यालय में स्पोर्ट्स स्टेडियम परिसर से प्रारंभ होकर, गौरव पथ, बस स्टैंड, अंबेडकर चौक होते हुए लवन रोड की तरफ पनगांव बाय पास, से सकरी बाय पास होते हुए पुन: अंबेडकर चौक, बस स्टैंड, गार्डन चौक, जनपद पंचायत कार्यालय के रास्ते होते हुए कलेक्टोरेट चौक से स्पोर्ट्स स्टेडियम में ही समाप्त हुआ। इस मौके पर अपर कलेक्टर दिप्ती गोते, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीओपी श्रीमती निधी नाग, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सीमा ठाकुर, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग टिकवेंद्र जाटवार, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद पंचायत सीईओ श्री मंडावी, सीएमओ श्री भोई, अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारी गण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।






## एम्स में इमरजेंसी रेस्पांस से बस दुर्घटना के घायलों को समय पर मिल सका उपचार, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एम्स पहुंचकर घायलों का जाना हालचाल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कुम्हारी बस दुर्घटना के घायलों को समय पर उपचार प्रदान करने में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के ट्रामा एवं इमरजेंसी विभाग की उल्लेखनीय भूमिका रही। समय पर आकस्मिक सेवाओं में प्रदान किए जाने वाले प्रोटोकॉल को लागू करके त्वरित कार्रवाई करते हुए दस रोगियों को इमरजेंसी चिकित्सा प्रदान की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी एम्स में उपचार प्राप्त कर रहे रोगियों से मिलकर उनका हाल जाना और उल्लेखनीय सेवाओं के लिए एम्स के चिकित्सकों की सराहना की।



एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) को 9 अप्रैल की शाम को जैसे ही बस दुर्घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत एम्स के चिकित्सकों को मास केजुअल्टी प्रोटोकॉल और इमरजेंसी रेस्पांस सिस्टम को कार्यशील करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ट्रामा एवं इमरजेंसी के विभागाध्यक्ष प्रो. देबेंद्र त्रिपाठी को भी सभी संसाधन और चिकित्सकों के साथ तैयार रहने के लिए निर्देशित किया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन से जुड़े सभी विभागों के चिकित्सकों, विभागाध्यक्ष और हड्डी रोग, न्यूरोसर्जरी, ईएनटी, नेत्र रोग, यूरोलॉजी, सामान्य चिकित्सा, सर्जरी, कार्डियोथोरोसिस वस्कुलर सर्जरी, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के रेजिडेंट्स को तुरंत इमरजेंसी पहुंचकर दुर्घटना में घायल रोगियों को हर संभव चिकित्सा प्रदान करने के लिए कहा गया।

मध्यरात्रि तक दुर्ग से दस रोगियों को एम्स रायपुर रेफर किया गया। इन सभी को तुरंत आकस्मिक चिकित्सा प्रदान की गई। कार्यपालक निदेशक लेफ्टि जनरल जिंदल ने स्वयं सभी व्यवस्थाओं का प्रबंधन सुनिश्चित किया। सभी रोगियों को पहले रेड जोन में रखा गया। बाद में आठ रोगियों को येलो जोन में शिफ्ट कर दिया गया।

चिकित्सा अधीक्षक प्रो. रेनू राजगुरु और अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नितिन बोरकर ने सभी संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया। ट्रामा एवं इमरजेंसी के डिप्टी एमएस डॉ. नितिन कश्यप ने अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर दुर्घटना में घायल रोगियों के उपचार का प्रबंधन किया। प्रो. एन.के. बोधे ने सीटी स्कैन और एक्स रे सुनिश्चित करके घायलों को त्वरित उपचार में मदद की। प्रो. त्रिपाठी ने अन्य चिकित्सकों के साथ घायलों को सारी रात उपचार प्रदान किया। लेफ्टि जनरल जिंदल भी इस दौरान सभी चिकित्सकों के साथ संपर्क कर उन्हें घायलों को सभी संभव उपचार प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करते रहे।

एम्स में एडमिट 10 रोगियों में से चार रोगी चोटिल हुए हैं, चार रोगी घायल हैं और दो गंभीर रोगी अभी वेंटीलेटर पर हैं। घायलों में छह महिलाएं एवं चार पुरुष हैं। सभी घायल दुर्ग एवं भिलाई के हैं।

## लोकसभा चुनाव : चल संगी मतदान कर आबे... गाने का लोकार्पण

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता के चल संगी मतदान कर आबे का लोकार्पण किया। यह गौरला-पेंड्रा-मरवाही की शिक्षक श्रीमती मीनाक्षी केशरवानी द्वारा रचित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने अधिकारियों, कर्मचारियों समेत उपस्थित नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री नीलेश क्षीरसागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी श्री संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि रायपुर जिले में मतदाता जागरूकता के बेहतर कार्य किए जा रहे है। पिछले दिनों रायपुर के कला केंद्र में बच्चों के द्वारा मतदान के महत्व को समझाने बेहतर प्रस्तुति दी गई थी, वह भी सराहानीय थी। इन सब के प्रयासों से निश्चित ही शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा। मुझे बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके प्रयास भी बेहतर तरीके से किए जा रहे है। दिव्यांग के लिए रैंप की सुविधा मतदान केंद्र में किए जा रहे है। महिलाएं सहज महसूस करें, इसके लिए पिंक बूथ भी बनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने गौरला-पेंड्रा-मरवाही की शिक्षक श्रीमती मीनाक्षी केशरवानी को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और कलेक्टर ने श्रीमती केशरवानी के द्वारा रचित गाने की सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप ने जिले में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## 10 अप्रेल 1967के बाद इस बार चेट्रीचंड्र महोत्सव-सिंधीयत दिवस एक साथ

### शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाई संत युधिष्ठिर लाल ने लाखेनगर मैदान, चेट्रीचंड्र महोत्सव का केन्द्र बिन्दू

**रायपुर (विश्व परिवार)।** चेट्रीचंड्र पर्व के मुख्य आयोजक चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति, सिंधी समाज रायपुर के प्रवक्ता दिनेश कुमार अठवानी ने भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस पर मनाये जाने वाले चेट्रीचंड्र महोत्सव की रिपोर्ट प्रेसवार्ता कर साझा की। संयोगवश सिंधी भाषा को आठवीं अनुसूची के अंतर्गत संवैधानिक मान्यता मिलने वाले दिन (10 अप्रेल 1967) की तरह इस वर्ष भी सिंधीयत दिवस एवं चेट्रीचंड्र महोत्सव एक ही दिन आज 10 अप्रेल को मनाया जा रहा है। प्रात: 7 बजे बहराणा साहेब को दुग्धाभिशेक द्वारा स्नान कराया गया। प्रात: 10 बजे मुखी मनूमल, डॉ. भीमनदास बजाज, लखमीचंद-लालचंद गुलवानी, झामनदास अठवानी, बालकृष्ण प्रीतवानी, भारत चंदवानी, करतार पुरसवानी, सतराम बजाज, मोटूमल अडवानी, त्रिलोकचंद चिमनानी, प्रेम बिरनानी, आदि ने भगवान झूलेलाल की पूजा पाठ कर पंजड़ा गाने की परम्परा को कायम रखा। दोपहर 12-3 बजे तक आम भंडारा आयोजन समिति राजू तारवानी, अशोक कुकरेजा, ओमप्रकाश सोनेजा, प्रताप पिंजानी, सुनील बजाज द्वारा 20,000 श्रद्धालुओं के भंडारा आयोजन को सहजता व सेवाभाव से सम्पन्न किया। तत्पश्चात संध्या 4 बजे शदाणी दरबार के संत शिरोमणि साईं युधिष्ठिर लाल, देवपुरी दरबार गोदड़ी धाम की अमां मीरा देवी, छग सिंधी साधु समाज के अध्यक्ष मुरलीधर उदासीन, सिंधी महाराज मंडल रायपुर के अध्यक्ष पं.चंदन शर्मा, जोनल इंचार्ज निरंकारी संत महात्मा गुरूबख्श सिंह कालरा एवं पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, आनंद कुकरेजा, छग चेम्बर आफ कामर्स के वर्तमान अध्यक्ष अमर पारवानी, वरिष्ठ अमर गिदवानी, ललित जैसिंघ, रमेश मिरघानी, कैलाश खेमानी, सतीश थौरानी, छग सिंधी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी, सीए चेतन तारवानी, अध्यक्ष पीएचडी चेम्बर शंकर बजाज, मीडिया प्रभारी भाजपा छग अमित चिमनानी, पूर्व पार्षद दीपक कृपलानी, पार्षद अजीत कुकरेजा, सतीश छुगानी, पवन प्रितवानी, वासु माखीजा, प्रताप भाई, आदि वरिष्ठ गणमान्य की उपस्थिति में हिंदू विधि विधान से संत युधिष्ठिर लाल जी व 11कन्याओं द्वारा 11शंखों की शंखध्वनि व गायत्री मंत्र के विशुद्ध उच्चारण पश्चात समाज के उल्लासपूर्ण माहौल में हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा रवाना की।इस वर्ष झांकियों में विविधता देखने को मिली- 1.व्यापार में बरकत भरी बहराणा साहब की झांकी, 2.मछली पर एवं घोड़े पर सवार भगवान झूलेलाल की अनेक झांकिया, 3.लालकृष्ण आडवाणी की सोमनाथ से अयोध्या रथ यात्रा की झांकी नवीनतम व अच्छा प्रयोग रहा, 4. राममंदिर अयोध्या के बेहतरीन प्रदर्शन व चित्रण द्वारा भगवान राम दरबार की प्रमुख झांकी की सजावट भी दर्शनीय रही, 5. सिंधी युवा शहीद हेमू कालाणी की शहादत-जीवन चरित्र पर आधारित झांकी, 6.सजीव झांकियां- 40 सदस्यीय आदिवासी नृत्य करते सराइपाली की टीम, 7.भगवान शिव की 30सदस्यीय टोली(बेमेतरा) तांडव नृत्य करते हुए, साईं बाबा की सजीव झांकी, आदि प्रमुख झांकियों ने शोभायात्रा की रौनक बढ़ाई।






## डॉ. हैनीमैन जयंती एवं चेट्रीचंड के उपलक्ष में छत्तीसगढ़ महिला चेंबर के सानिध्य में जोशी होम्योपैथिक क्लिनिक द्वारा रक्त परीक्षण शिविर संपन्न

**रायपुर (विश्व परिवार)।** महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि महिला चेम्बर के सानिध्य में डॉ. हैनीमैन जयंती एवं चेट्रीचंड के उपलक्ष में जोशी होम्योपैथिक क्लिनिक, टीवी टावर के पीछे, अनुपम नगर रायपुर में आज बुधवार, दिनांक 10 अप्रैल 2024 को नियमित वार्षिक रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें डॉ. प्रिया जोशी (होम्योपैथिक चिकित्सक) प्रमुख रूप से उपस्थित थी।



महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अरोरा ने बताया कि उक्त शिविर में वसा, लिवर फंक्शन, किडनी से संबंधित स्कीम मैप, आयरन थायराइड, ग्लूकोजिलेटेड हीमोग्लोबिन, सी.बी.सी., कैल्शियम एवं फास्फोरस से संबंधित रक्त परीक्षण किया गया।

श्रीमती अरोरा ने बताया कि उपरोक्त रक्त परीक्षण शिविर सुबह ठीक 7 बजे शुरू होकर 10:30 बजे तक चला। इस बार कुछ सदस्यों ने 5 लोगों के लिए रू.3, 000 का भुगतान करके पांच लोगों को गोद लिया और दान के रूप में उनके लिए रक्त परीक्षण नि:शुल्क किया गया। रक्त परीक्षण कराने वाले कुल सदस्यों में से 60 में से 140 धर्मार्थ थे। रक्त परीक्षण के पश्चात् सभी को फरुटी का वितरण किया गया। रक्त परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महिला चेम्बर द्वारा डॉ. प्रिया जोशी (होम्योपैथिक चिकित्सक) को इस सफल आयोजन के लिये धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को मतदान करने के लिए मिलेगी नि:शुल्क परिवहन सुविधा

**दुर्ग (आरएनएस)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतदान दिवस 7 मई 2024 को दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक वर्ग के मतदाताओं को नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले के अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन किया जाकर इन मतदाताओं के द्वारा मांग किए जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् उनके आवास स्थल तक छोड़ने हेतु नि:शुल्क वाहन व्यवस्था किया जाएगा। उक्त वाहन को ''मतदाता रथ'' का नाम दिया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी ने मतदान के लिए दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को नि:शुल्क परिवहन सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को मतदाता रथ संपूर्ण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही एआरओ से मतदाता रथ के लाभार्थियों की केन्द्रवार जानकारी एकत्रित करने। रूट व समय अनुसार वाहनों की मांग आरटीओ को प्रेषित करने।

## वेदांता एल्यूमिनियम की स्वास्थ्य परियोजनाओं से ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 4 लाख लोगों को हुआ लाभ

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कंपनी ने वंचित समुदायों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारत के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024 में कंपनी ने ओडिशा व छत्तीसगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजनाओं के द्वारा लगभग 4 लाख लोगों को लाभ पहुंचाया है। कंपनी उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से अपने समुदायों की सेवा कर रही है तथा निवारक स्वास्थ्य सेवाएं अपनाने को प्रोत्साहन दे रही है। इस वर्ष की थीम 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' के अनुसरण में कंपनी लोगों को इस अधिकार के साथ सबको सशक्त बनाने पर जोर दे रही है। दूर-दराज के वंचित इलाकों में उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा व सूचना पहुंचाने में कंपनी की भूमिका महत्वपूर्ण है।

कंपनी ने अपने प्रचालनों में कई पहलें की हैं। ये प्रचालन स्थल हैं: झारसुगुडा, ओडिशा में कंपनी का मेगा एल्यूमिनियम प्लांट, लांजीगढ़ स्थित विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी, कोरबा, छत्तीसगढ़ में स्थित भारत की प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक व वेदांता एल्यूमिनियम की इकाई बालको तथा वाइज़ैग जनरल कार्गो बर्थ (वीजीसीबी) पोर्ट ऑपरेशंस। झारसुगुडा में कंपनी ने मोबाइल हेल्थकेयर वाहनों के जरिए बड़े अभियान चलाए तथा स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाने हेतु समाज को जागरुक करने वाले पर्चे तकरीबन 30 गांवों में बांटे। इसके अलावा वेदांता एल्यूमिनियम के सहयोग चल रहे झारसुगुडा डायग्नोस्टिक सेंटर (ओडिशा में सबसे बड़े मल्टी-फैसिलिटी डायग्नोस्टिक सेंटरों में से एक) में ब्रैस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प भी लगाया गया।




लांजीगढ़ में मल्टी-स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैम्प ने मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं देकर समुदाय को फायदा पहुंचाया। इस कैम्प में शामिल थे- चिकित्सकीय परामर्श, स्क्रीनिंग टेस्ट, दवाएं व टीके। इस कैम्प के जरिए 500 से ज्यादा लोगों को लाभ मिला। इसके अलावा 20 गांवों में स्वास्थ्य एवं हाइजीन की विधियों पर एक हफ्ते की जागरुकता मुहिम चलाई गई जिनसे लगभग 1000 लोगों को फायदा पहुंचा। एक रक्तदान शिविर भी लगाया गया।

कोरबा, छत्तीसगढ़ में कंपनी ने असिस्टिव डिवाइस वितरण अभियान चलाया जिससे अधिक समावेशी एवं सहयोगात्मक समुदाय की रचना की जा सके। इस वितरण अभियान के तहत जरूरतमंद वृद्धों एवं विकलांगों को वॉकिंग स्टिक, ट्राइपॉड, क्रचेस, वॉकर्स और व्हीलचेयर वितरित किए गए। इसके अलावा भदरापारा एवं बेलाकछार में दो मल्टी-स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैम्प आयोजित किए गए जिनसे तकरीबन 500 लोगों को लाभ मिला। इन शिविरों में दंत रोग, त्वचा रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग आदि विशेषज्ञों के साथ ही फिजियोथेरपिस्ट व सामान्य चिकित्सकों ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। मधुमेह एवं रक्तचाप परीक्षण भी किए गए।

वीजीसीबी पोर्ट ऑपरेशंस में दो दिवसीय नेत्र जांच शिविर लगाया गया जिसमें लगभग 400 लोगों की नेत्र जांच हुई और उनके दृष्टि दोष व आंखों की अन्य स्थितियों का पता लगाया गया। जिनकी नजर कमजोर थी उन्हें मुफ्त चश्में दिए गए। इसके अलावा जरूरतरमंद लोगों को बैटरी से चलने वाली व्हील चेयर, ट्राइ साइकल, व्हील चेयर राइडर, कोमोड व्हीलचेयर और ट्राईपॉड वॉक स्टिक आदि की मदद दी गई। इसका उद्देश्य उनकी चलने-फिरने की क्षमता बढ़ाना और उन्हें आत्म निर्भरता देना था।

वेदांता एल्यूमिनियम ओडिशा व छत्तीसगढ़ में अपने प्रचालन स्थलों के भीतर व आसपास के इलाकों में वंचित समुदायों को बुनियादी एवं विशेषीकृत स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराती है।

# संगठन व जनता के बलबूते कांग्रेस लड़ रही चुनाव : डॉ. महंत

## पैराशूट भाजपा प्रत्याशी के तोड़-फोड़ से कांग्रेस हताश नहीं



**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कांग्रेस व अनुषंगी संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की संगठनात्मक बैठक ली। बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्य कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. महंत ने कहा कि हमें अपने सभी ऊर्जावान और कर्मठ कार्यकर्ताओं पर पूरा भरोसा है। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए यह चुनाव कांग्रेस लड़ रही है। कांग्रेस हमेशा संगठन के निर्देश पर काम करती आई है और हम संगठन व कोरबा संसदीय क्षेत्र की जनता के बलबूते चुनाव में उतरे हैं। यह चुनाव कोई अकेले चरणदास महंत या ज्योत्सना महंत नहीं लड़ रही बल्कि कांग्रेस पार्टी का, युवा कांग्रेस का, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का और कांग्रेस से जुड़े सभी संगठनों का एक-एक कार्यकर्ता लड़ रहा है। डॉ. महंत ने कहा कि चुनाव में कई तरह के हालात निर्मित होते हैं लेकिन हमें अपने खिलाफ के हालातों से डरना नहीं है बल्कि उनका डटकर मुकाबला करना है क्योंकि हम अपने लिए नहीं जनता के लिए, देश के लिए, अपने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की पैराशूट प्रत्याशी द्वारा किए जा रहे तोड़-फोड़ से हम कतई हताश नहीं हैं, हमारी अपनी शक्ति संगठन की शक्ति है। हमें लोगों के बीच जाकर, हर घर जाकर कांग्रेस के न्याय पत्र के 5 न्याय और 25 गारंटी को विस्तार से बताना है। डॉ. महंत ने कहा कि कांग्रेस की सशक्त और मजबूत टीम और जनता का स्नेह एवं कांग्रेस पर भरोसा हमें जीत दिलाएगा और प्रचंड मतों से विजय हासिल होगी।

## सीएमएचओ ने बैठक लेकर राष्ट्रीय कार्यक्रम की बिन्दुवार की समीक्षा

**रायगढ़(विश्व परिवार),।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाँधी नगर में समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/चिकित्सा अधिकारी, आर.एम.ए, सी.एच.ओ, स्टाफ नर्स, पर्यवेक्षक, आर.एच.ओ महिला/पुरूष, डाटा एंट्री आपरेटर, मितानिनों के साथ समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की बिन्दुवार समीक्षा की गई। उन्होंने अपने निर्धारित लक्ष्य के अनरूप उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिये। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के साथ-साथ, फोर ए.एन.सी पंजीयन शत-प्रतिशत कर घर-घर जाकर आयरन एवं कैल्शियम की दवा मरीज द्वारा सेवन किया जा रहा है उसका फालोअप करने के लिये सख्त निर्देश दिए। अस्पताल की साफ- सफाई, मरीजों के साथ कुशल व्यवहार, मौसम में बदलाव होने से दवा का भंडारण अपने संस्था में पर्याप्त मात्रा में रखने हेतु कहा। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने व्हीएचएसएनडी सेशन के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर के उप.स्वा. केंद्र त्रिभौना में औचक निरीक्षण किया, जिसमें बच्चों को संपूर्ण टीकाकृत करने के निर्देश दिये जिससे एक भी बच्चा न छूटे। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की सूची बनाकर प्रसव पूर्व एवं पश्चात तक निगरानी करने के निर्देश दिये।

# सुगमता पूर्ण मतदान के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करें : कलेक्टर

### मास्टर ट्रेनर को दिया गया प्रशिक्षण



**कोरबा(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री वसंत ने निर्देशित किया कि जिले में सुगमता पूर्वक मतदान के लिए गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण का होना आवश्यक है। उन्होंने मतदान दलों को ईवीएम का हैण्ड्स ऑन कराने तथा महिला कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कोरबा विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्रों में सहभागी बनने वाली महिला मतदान दलों को विशेष रूप से प्रशिक्षित करने तथा उनके शंकाओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दलों को मतदान के दिन किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए उन्हें हर पहलूओं से अवगत कराते हुए बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों के सवालों का सही-सही समाधान करते हुए निर्वाचन की गतिविधियों को चरणबद्ध तरीके से संपन्न कराने की जानकारी दी जानी चाहिए। मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं सामग्री वापसी के दौरान सावधानी बरतने के संबंध में भी जानकारी देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक व्यवस्था हेतु जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. एम एम जोशी, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज कुमार, डिप्टी कलेक्टर श्री विकास चैधरी आदि उपस्थित थे। प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर्स डॉ. एम.एम.जोशी ने अधिकारियों को ईव्हीएम, वीवीपेट मशीनों के संचालन, विभिन्न गतिविधियों, बरती जानी वाली सावधानियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

## विकसित भारत और राष्ट्र के प्रति मेरा योगदान कार्यक्रम सम्पन्न

**दल्लीराजहरा(विश्व परिवार)।** वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा में 8 अप्रैल को शासन के आदेशानुसार प्रेरणा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अजय मुखर्जी प्राचार्य की अध्यक्षता और डॉ बी.एल. साहसी व्याख्याता एवं त्रिजला ठाकुर के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के लिए दो शीर्षक था, जिसमें प्रथम विकसित भारत और दूसरा राष्ट्र के प्रति मेरा योगदान के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री मुखर्जी ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को देशभक्ति के प्रति जागरूक करना और विकसित भारत के संबंध में जानकारी देना है तथा आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना एक छोटा योगदान देना है। इस अवसर पर वाय. एस. मरकाम वरिष्ठ व्याख्याता ने कहा कि- प्रेरणा कार्यक्रम हमारे राष्ट्र को एक पायदान ऊपर उठाने वाले कार्यक्रम है जिसके चलते भारत कैसे आत्मनिर्भर बनने जा रहा है और आने वाले समय विकसित राष्ट्र की श्रेणी में भारत की गणना में एक छोटा सा योगदान कैसे दे सके इस संबंध जानकारी व ज्ञान प्राप्त करना है। डॉ साहसी ने कहा कि प्रेरणा का अर्थ होता है प्रेरित करना है तथा इस कार्यक्रम का उद्देश्य है लोगों को तथा छात्र-छात्राओं को देशप्रेम के प्रति प्रेरित करते हुए विकसित भारत की सपना को साकार करने में अपना योगदान देना है।

## अभ्यर्थियों के प्रवेश, नामांकन व्यवस्था के लिए कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा

### कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य द्वार से प्रस्तावित कक्ष का किया निरीक्षण

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा लोकसभा नामांकन की प्रक्रिया 12 अप्रैल से प्रारंभ हो रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में अधिकारियों की टीम निर्वाचन में आवश्यक व्यवस्था हेतु लगाई गई है। चूंकि कलेक्टोरेट में ही नामांकन की प्रक्रिया संचालित होगी। इसलिए यहां नाम-निर्देशन के लिए कक्ष निर्धारित करने के साथ ही नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों, प्रस्तावकों और अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रवेश हेतु रूट तय किया जा रहा है। अभ्यर्थियों के प्रवेश तथा नामांकन को लेकर कलेक्टर वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने चिन्हित स्थानों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने नामांकन फार्म बिक्री, अभ्यर्थियों के प्रवेश, मीडिया के लिए आवश्यक व्यवस्था, चिन्हांकित स्थानों पर बैरिकेटिंग, सूचना पट्टिका और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता जी. आर. जांगड़े तथा सीएसपी कोरबा श्री भूषण एक्का, डिप्टी कलेक्टर गौतम सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# निजी विद्यालयों को नई फीस तय कर डीईओ की अनुमति लेना होगा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पालक संघ की गुजारिश के बाद एडमिशन के सीजन में निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ जिला शिक्षा विभाग ने सोमवार को एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें पहली से 12वीं तक के सभी निजी स्कूलों को कहा गया है कि वे मासिक शुल्क की जानकारी तत्काल प्रस्तुत करें। बिना मासिक शुल्क निर्धारण वे एडमिशन प्रोसेस नहीं कर सकेंगे। साथ ही उन्हें फीस की जानकारी अपने विद्यालय के सूचना बोर्ड पर भी चस्पा करना होगा। नई फीस तय कर लागू करने डीईओ की अनुमति भी लेना होगा। निर्देश में अवगत कराया गया है कि फीस विनियमन अधिनियम 2020 के तहत निजी स्कूलों के विद्यालय फीस समिति द्वारा शिक्षा सत्र 2024-25 का फीस निर्धारण कर प्रवेश की कार्यवाही किया जाना है। इस विषय पर विस्तृत दिशा निर्देश जारी करते हुए निजी स्कूलों से कहा गया है कि अपने विद्यालय फीस समिति के समक्ष तत्काल मासिक फीस निर्धारण करें। इसका विवरण भी अपने विद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करें एवं बिना फीस निर्धारण किए प्रवेश की कार्यवाही नहीं किया जाएगा। कलेक्टर को अवगत कराते हुए संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग, बिलासपुर के मार्गदर्शन पर निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने समस्त नोडल अधिकारियों को उनके अधिनस्त अशासकीय संस्थाओं को तत्काल फीस निर्धारण करने कहा गया है। यह भी सुनिश्चित करने कहा गया है कि कोई भी संस्था बिना फीस निर्धारण के प्रवेश की कार्यवाही न करे। इस निर्देश के संबंध में कोरबा पालक संघ को भी सूचित कर दिया गया है। इस निर्देश के साथ जिला शिक्षा विभाग की ओर से एक प्रारूप भी जारी किया गया है। इस प्रारूप के अनुसार प्रत्येक कक्षा की पिछले सेशन की मासिक शुल्क क्या थी, यह बताना होगा। इसके साथ ही मौजूदा सत्र के लिए क्या फीस निर्धारित की जा रही है और पिछले साल से इस वर्ष की फीस वृद्धि में बढ़ोतरी के अंतर की राशि भी बताने कहा गया है।

# सरोज पांडेय ने नुक्कड़ सभाओं को किया संबोधित तीसरी बार मोदी को ही बनाएंगे पीएम



**कोरबा(विश्व परिवार)।** देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो गारंटी दी है उसे पूरा भी किया और लगातार कर रही है, अब आप सबकी बारी है कमल पर बटन दबाकर मोदी को तिसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की । उपरोक्त बातें नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडे दीदी ने कहीं । कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के लिए दर्जनों नुक्कड़ सभा लेकर लोगों को जागरूक करते हुए मोदी की गारंटी के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने सभा में उपस्थित महिलाओं को कहा कि महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त की राशि आप सभी महिलाओं के बैंक खाता में आ गया है, तीसरी किस्त की राशि 1 मई को आपके खाता में डाल दी जाएगी, ऐसी सरकार कहां है जो महिलाओं को आर्थिक मजबूती प्रदान करती हो, हमारे हम सबके विश्व प्रिय नेता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जो विकास किया है, महिलाओं को सम्मान दिया है उन्हे आप और हम सबका सहयोग आशीर्वाद मिलना ही चाहिए. आपको बता दें सरोज पांडेय जहां भी नुक्कड़ सभाएं ले रही हैं वहां लोगो की भारी भीड़ देखने को मिल रही है, सरोज पांडेय ने अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ एक ही दिन में पंद्रह नुक्कड़ सभाओं में बरपाली मण्डल के ग्राम सन्डैल, खरवानी, उमरेली में शामिल होकर जनता से अपने पक्ष में मतदान करके 400 सीट जिताकर फिर इस बार मोदी सरकार बनाने अपील की. सभाओं में मुख्य रूप से ननकीराम कंवर, गोपाल साहू, गोपाल मोदी, टिकेश्वर राठिया, प्रदीप पटेल चतुरलाल कश्यप, मानिकराम रजवाडे, अशोक कंवर सरपंच, विश्राम कंवर, अंतरामू केवट, रामप्यारे बिंझवार जनपद सदस्य, पलटू दास महत, चंदू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आम जनता उपस्थित रहे.

## धर्मपथ पर बढ़ते हुए संघर्ष करना सिखाती है श्रीकृष्ण की बाल लीला

**महासमुन्द(विश्व परिवार)।** परसकोल रोड में स्थित अटल आवास सामुदायिक परिसर में आयोजक श्री रत्नसागर अग्रवाल के द्वारा कथा आयोजित है। जिसमें कथा व्यास आचार्य पं. ध्रुवनारायण शुक्ला आरंग वाले संगीतमय भागवत कथा सुना रहे हैं। आज उन्होने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर रूखमणी विवाह प्रसंग की कथा का बहुत ही रोचक अंदाज में वर्णन किया। उन्होने कहा कि भगवान की बाल लीला जीवन के धर्मपथ पर बढ़ते हुए सत्य के लिए संघर्ष करना और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की सीख देती है। प्रभु की लीलाओं में छिपे सार को समझना होगा। पं. ध्रुव नारायण शुक्ला जी ने कहा कि वो इन लीलाओं से ये समझना चाहते हैं कि हमे जीवन की चुनौतियों का सामना करना चाहिए न कि घबराकर हाथ पर हाथ धरे बैठ जाएं। आज के युवाओं को संदेश देते हुए पूज्य आचार्य ने कहा कि बच्चों को शिकायत होती है कि माता पिता पैसे नहीं देते, घर की माली हालत के लिये वो अपने माता पिता को जिम्मेदार मानते हैं और कई बार उन्हे जवाब भी दे देते हैं। ऐसे बच्चों को प्रभु की लीलाएं बचपन से दिखाकर अच्छी बातें सिखानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया शिक्षक हेमंत पटेल को निलंबित

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत अंजली हायर सेकेण्डरी स्कूल लहरौद पिथौरा में निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण के दौरान हेमंत पटेल शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बेलर विकासखण्ड पिथौरा द्वारा शराब सेवन कर प्रशिक्षण में व्यवधान उत्पन्न किया गया। उक्त कृत्य के कारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। आज जारी आदेश में कहा गया है कि हेमंत पटेल का कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के नियम 134 तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1,2,3 का प्रथम दृष्टया उल्लंघन है। जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत दण्डनीय है। अतः हेमंत पटेल शिक्षक को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में हेमंत पटेल का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पिथौरा निर्धारित किया गया है। उन्हें निलंबन अवधि के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

**दल्लीराजहरा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निरंतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 8 अप्रैल को डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम ठेमाबुजुर्ग एवं ठेमाखुर्द में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम ठेमाबुजुर्ग में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान दुल्हन को लाने के लिए प्रस्थान कर रहे बरातियों ने सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ लेकर दुल्हन के मायके डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम सिहरो के लिए प्रस्थान किया। जो कि आज के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए खासा आकर्षण का केन्द्र रहा जिसकी सभी ने भूरी-भूरी सराहना की। इस दौरान सभी बारातियों एवं ग्रामीणों ने अपने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने हेतु सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी डी मण्डले ने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए मतदान की शपथ दिलाई।

### नियम विरूद्ध पदोन्नति को कलेक्टर ने किया निरस्त

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने एकीकृत, बाल विकास परियोजना पाली अन्तर्गत ग्राम भरूहामुड़ा के आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर की गई पदोन्नति को नियम विरूद्ध पाये जाने पर निरस्त कर नये सिरे से पदोन्नति के निर्देश दिए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम भरूहामुड़ा ग्राम पंचायत चैतमा तहसील पाली अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों में पदोन्नति उपरांत उसी ग्राम के आंगनबाड़ी सहायिका अथवा मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की पदोन्नति की जानी थी। विभाग द्वारा परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली द्वारा रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदों पर पदोन्नति हेतु पांच वर्ष सेवा पूर्ण कर चुकी सहायिका एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जानकारी मंगाई गई थी। इस दौरान मूल्यांकन समिति के द्वारा योग्यता सूची तैयार कर अनुमोदन पश्चात प्रथम क्रम में आवेदिका उमा सिंह/ चूड़ामणी सिंह का पदोन्नति कर लिया गया। इस संबंध में आवेदक श्री मदन गोपाल एवं ग्रामवासी भरूहामुड़ा ग्राम पंचायत चैतमा तहसील पाली द्वारा शिकायत कलेक्टर श्री अजीत वसंत से की गई थी। कलेक्टर द्वारा इस प्रकरण को संज्ञान में लेकर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण दर्ज करते हुए संपूर्ण मामले की सुनवाई की गई। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न दस्तावेज एवं परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन एवं शासन के निर्देश का अवलोकन किया गया। जिसमें स्पष्ट हुआ कि आंगनबाड़ी सहायिका/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का उसी ग्राम का निवासी होना अनिवार्य है, न कि ग्राम पंचायत के किसी भी ग्राम का। प्रस्तुत प्रकरण में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संलग्न दस्तावेजों से यह स्पष्ट हुआ कि पदोन्नति का आधार ग्राम पंचायत माना गया है, जोकि शासन के जारी निर्देशों के विरूद्ध है। कलेक्टर श्री वसंत ने कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली, के आदेश क्रमांक 1108/नियु/बा.वि.परि./2023-24 पाली दिनांक 20.02.2024 के पदोन्नति आदेश को निरस्त कर शासन के निर्देशों का पालन करते हुए पुनः पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# संपादकीय

## घोषणापत्र पर आरोप-प्रत्यारोप

कांग्रेस ने लोक सभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र -'न्यायपत्र' में महिला, युवा, किसान, गरीबों को न्याय की बात करते हुए 25 गारंटियों पर जोर दिया है। कांग्रेस ने 10 अलग-अलग न्याय पर आधारित कुल 344 से ज्यादा वादे किए गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र पर पहले ही दिन हमला किया। उन्होने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र से साबित हो गया है कि कांग्रेस, आज के भारत की आशाओं-आकांक्षाओं से पूरी तरह कट चुकी है। उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को उसी सोच का द्योतक बताया जो आजादी के आंदोलन में मुस्लिम लीग की थी, लेकिन कांग्रेस ने इस पर पलटवार करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री अपने इतिहास से परिचित नहीं हैं क्योंकि वह कोई और नहीं, बल्कि जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी थे, जो 1940 के दशक की शुरुआत में लीग के साथ बंगाल में गठबंधन सरकार का हिस्सा थे। खरगे ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र राजनीतिक इतिहास में न्याय के दस्तावेज के रूप में याद किया जाएगा। अलबत्ता, इसमें ओपीएस (ओल्ड पेंशन स्कीम) की बाबत कोई आस्ति नहीं है। घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम के मुताबिक, ओपीएस को लेकर सरकार की समिति की रिपोर्ट का इंतजार है, इसलिए इस मुद्दे को घोषणापत्र में शामिल नहीं किया गया है। बहरहाल, घोषणापत्र, जिसे कांग्रेस ने न्यायपत्र-2024 कहा है, या संकल्पपत्र, जैसा कि भाजपा अपने घोषणापत्र को कहती है, चुनाव में दावेदारी पेश करने वाली हर पार्टी जारी करती है। पहली बार है, जब कांग्रेस ने देश में व्याप्त 'डर' की बात जोर-शोर से कही है। पार्टी ने अपना घोषणापत्र जारी करते समय दो सवालों को जनता की तरफ उछाला है, जिनसे घोषणापत्र हवा-हवाई घोषणाओं को पुलिंदा भर न दिखे। पार्टी ने आमजन से पूछा है, क्या आज आपका जीवन 2014 की तुलना में बेहतर है, और दूसरा सवाल यह कि क्या आपका मन भयमुक्त है। कांग्रेस के घोषणापत्र में किसानों को एमएसपी देने संबंधी वादा भी महत्त्वपूर्ण बिंदु है। यह मुद्दा किसानों के लिए बेहद संवेदनशील रहा है, और वे काफी समय से इसके लिए मांग मुखर करते रहे हैं। बहरहाल, देखा जाना है कि पक्ष-विपक्ष अपने-अपने घोषणापत्रों को कितना साकार कर पाएंगे जो हर बार चुनाव-बाद प्राय: उपेक्षित रह जाते हैं।

# ममता बैनर्जी सरकार को फिर अदालत की फटकार

वर्ष 2023 में हुए पंचायत चुनाव के मतदान के दौरान चुनावी हिंसा में 17 लोगों की जान गई। तृणमूल कांग्रेस का दावा था कि चुनावी हिंसा में सबसे ज्यादा उनके कार्यकर्ताओं की हत्या हुई। मरने वालों में 60 फीसदी उनके कार्यकर्ता हैं देश में पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य बन गया है जहां बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर अदालतों की सर्वाधिक फटकार और निर्देशों का सामना करना पड़ा है। अराजकता की ऐसी हालत एक दशक पहले तक कभी उत्तर प्रदेश और बिहार की हुआ करती थी। पश्चिम बंगाल में एक प्रदर्शन के दौरान सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के साथ जब बदसलूकी करी थी, इस पर ममता ने कम्युनिस्ट सरकार को उखाड़ फेंकने की शपथ ली थी। ममता ने हिंसा और अराजकता से गुजर रहे बंगाल को कम्युनिस्टों से मुक्ति दिलाई। कम्युनिस्टों के खिलाफ जिस आंदोलन से ममता ने सत्ता की सीढियां चढ़ी, अब अपने विरोधियों को परास्त करने के लिए ममता ने वही रास्ता अपना लिया है। संदेशखाली की घटना के बाद हाईकोर्ट ने जिस तरह की टिप्पणी ममता सरकार के खिलाफकी है, उससे जाहिर है कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था रसातल में जा रही है। ममता की पार्टी तृणमूल का एकमात्र उद्देश्य रह गया है अपने विरोधियों की आवाज बंद करना, इसके लिए चाहे गैरकानूनी तरीकों का इस्तेमाल ही क्यों न करना पड़ा। संदेशखाली मामले को लेकर आज कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी टीएमसी को भी बेहद तल्ख लहजे में फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर संदेशखाली मामले में एक प्रतिशत भी सच है तो प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसकी जिम्मेदार है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। अदालत ने कहा कि हर नागरिक की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार को खुद से नैतिक जिम्मेदारी लेना चाहिए। इतना ही नहीं कोर्ट ने कहा कि अगर इस मामले में एक प्रतिशत भी सच्चाई है तो यह शर्मनाक है और पूरा प्रशासन और



सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 प्रतिशत जिम्मेदार हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफजस्टिस टीएस शिवज्ञानम ने तल्ख लहजे में कहा कि अगर इसका एक भी एफिडेविट सही है तो यह शर्मनाक है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर आप एससी-एसटी नेशनल कमीशन की रिपोर्ट देखेंगे तो उसमें अगर एक फीसदी भी सच है तो यह 100 फीसदी शर्मनाक है। वहीं इस दौरान एक अन्य जनहित याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए। सुरक्षा कारणों से कोई भी महिला अदालत में गवाही देने नहीं आई। एक अन्य याचिकाकर्ता की वकील प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि उनके पास अनेक महिलाओं ने यौन उत्पीडन् की शिकायत की है। ये लोग कह रहे हैं कि अगर महिलाओं ने बयान दिया तो उनके पति-बच्चों का सिर काटकर फुटबाल खेलेंगे। राज्य की ओर से वकालत करते हुए महाधिवक्ता (एजी) ने कहा कि हमें देखना होगा कि संदेशखाली में क्या हुआ। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता कहा था। सभी पक्षों की बातें सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने शाहजहां के वकील से सख्त लहजे में कहा कि आप एक आरोपित की ओर से सवाल पूछ रहे हैं। सबसे पहले अपने आसपास की परछाइयों से छुटकारा पाएं। इसके बाद दूसरे लोगों की शिकायतों के बारे में बात करें। अगर हलफनामे में एक भी आरोप सच है तो वह भी शर्मनाक है। सरकार कहती है कि यहां महिलाएं सुरक्षित हैं। यदि हलफनामे में कोई आरोप साबित हो जाता है, तो ऐसे सभी दावे झूठे होंगे। हालांकि सुनवाई पूरी होने के बाद भी हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के मास्टरमाइंड और तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख ने कहा था कि वह राजनीतिक साजिश का शिकार है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। उसे जानबूझकर फंसाया जा रहा है। पूछताछ के दौरान शाहजहां ने पांच जनवरी को संदेशखाली में केंद्रीय एजेंसी कर्मियों पर हमला करने वालों के साथ किसी भी तरह के संबंध से इन्कार किया था। शाहजहां ने अधिकारियों से कहा था कि वह इस हमले की दिल से निंदा करता है और चाहता है कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिले। ईडी ने शाहजहां से उसकी कंपनी सबीना एंटरप्राइजेज के जरिए काली कमाई को सफेद करने के मामले में पूछताछ की। जिस पर शाहजहां ने कहा कि सब झूठ है। अनुसूचित जाति-जनजाति के पैनल ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश की थी। इसके लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पैनल ने एक रिपोर्ट सौंपी थी। पैनल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है था कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पैनल का यह भी कहना था कि आरोपियों पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कानून के तहत मुकदमा चलाया जाना चाहिए। देश में पश्चिम बंगाल ऐसा राज्य है जहां राज्यपाल ने केंद्र सरकार को कई बार बिगड़े हालात की जानकारी दी है। विपक्षी दलों की शासित राज्यों में भी राज्यपालों और सत्तारूढ़ दल की सरकारों में अनबन होती रहती है, किन्तु संवैधानिक पद पर रहते हुए जितने खराब संबंध पश्चिम बंगाल में रहे हैं, उतने किसी भी राज्य में नहीं रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी सभा में कहा कि जो लोग संदेशखाली की महिलाओं के उत्पीडन् के जिम्मेदार हैं, उनको अब अपना बाकी जीवन सलाखों के पीछे बिताना होगा। कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हाल ही में पूरे देश ने देखा कि कैसे टीएमसी और राज्य सरकार ने संदेशखाली की महिलाओं का शोषण करने वाले लोगों को बचाया। लेकिन उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जिन लोगों ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया है, उन्हें अब अपना शेष जीवन सलाखों के पीछे बिताना होगा। चुनाव प्रचार के दौरान ममता बनर्जी पूर्व में भी जहर उगलने में पीछे नहीं रही हैं। ममता पूर्व में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करती रही हैं। ममता बनर्जी कूचबिहार रैली में यहां तक कह गईं कि आप जहरीले सांप पर भरोसा कर सकते हैं, लेकिन भाजपा पर नहीं। ममता बनर्जी ने कूच बिहार से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रामाणिक का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तुम मंत्री के नाम पर कलंक हो। ममता ने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारियों का ट्रांसफर हो रहा है, केंद्रीय एजेंसी का कितना ट्रांसफर हुआ? उन्होंने कहा कि भाजपा निर्वाचन के कोड नहीं मानती।

## विचार

# शिक्षक की संवेदनहीनता

अहमदाबाद के एक नामचीन निजी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल ने नौवीं कक्षा के मिर्गी की बीमारी से पीड़ित 'एक्स' छात्रा के समक्ष उसके पिता से कहा 'अगर मिर्गी की बीमारी की वजह से आपकी बेटी कक्षा में लगातार अनुपस्थित रह रही है तो आप किसी ओपेन स्कूल में उसका दाखिला करवा दीजिए, ताकि उसे रोज स्कूल जाने के बंधन से मुक्ति मिल जाए और सिर्फ परीक्षा देने के लिए ही स्कूल जाना पड़े।' प्रत्युत्तर में 'एक्स' छात्रा के अभिभावक ने कहा, 'मैडम, इस बीमारी में बच्चे का कम से कम 9 से 10 घंटे सोना जरूरी होता है, अन्यथा मिर्गी का ट्रिगर आ सकता है। इसलिए नींद नहीं पूरा होने पर 'एक्स' स्कूल नहीं जा पाती है, इस वजह से पूर्व के स्कूलों में भी 'एक्स' का 75 प्रतिशत उपस्थिति पूरा नहीं हुआ था, पर कभी भी किसी शिक्षक या प्रिंसिपल ने इस तरह की आपत्तिजनक सलाह नहीं दी, एक शिक्षक होकर आप ऐसी बेतुकी बातें कैसे कर सकती हैं, क्या आपको नहीं मालूम है कि ऐसा करने से बच्चे पर नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ सकता है, उसके व्यक्तित्व का विकास भी बाधित हो सकता है आदि।' वाइस प्रिंसिपल से इस तरह के संवेदनहीन और अनैतिक सलाह की कतई अपेक्षा नहीं की जा सकती है, वह भी पीड़ित छात्रा के सामने, लेकिन शिक्षा के संक्रमण के दौर में शिक्षा और शिक्षकों का इस कदर बाजारीकरण हो चुका है कि शिक्षकों के संवेदनशील होने की कल्पना करना बेमानी है। अब टीचर और बुचर के बीच के फर्क की परत बहुत तेजी से छीज रही है। शायद इसी वजह से कोटा और देशभर में बड़ी संख्या में बच्चे हर साल आत्महत्या कर रहे हैं। निजी स्कूलों में सुविधाओं की बात करें तो मुश्किल से 5 प्रतिशत स्कूलों में ही खेल का मैदान है। ऐसे में, इंडोर गेम खेलकर बच्चे शारीरिक रूप से कितने फिट रहेंगे? अमूमन, निजी स्कूलों में न ही लाइब्रेरी होती है और न ही फर्स्ट एड की व्यवस्था। आजकल निजी स्कूलों में बच्चों को विभिन्न मुद्दों पर परामर्श देने के लिए काउंसलर भी रखा जा रहा है, लेकिन इनकी उपयोगिता भी सवालों के घेरे में हैं। कुछ स्कूलों में तो आज ड्रग्स और पॉर्न का बाजार भी फल-फूल रहा है। नर्सरी कक्षा से ही निजी स्कूलों में अभिभावकों से 1 से 1.5 लाख रु पए सालाना फीस वसूली जा रही है। बस का चार्ज अलग से लिया जा रहा है। आर्ट व क्राफ्ट एवं अन्य गतिविधियों के नाम पर अभिभावकों को पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। बावजूद इसके, स्कूलों में अभिभावकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता है। निजी स्कूलों में मोटी फीस जरूर वसूल की जा रही है, लेकिन ऐसे अधिकांश स्कूलों में शिक्षा का स्तर दोयम दर्जे का है। कई निजी स्कूलों की हालत सरकारी स्कूलों से भी बदतर है। निजी स्कूलों में शिक्षकों का वेतन कम होने के कारण ज्ञानहीन शिक्षक अध्यापन का काम कर रहे हैं, जो बच्चों को पढ़ाने की कला से अनभिज्ञ होते हैं, क्योंकि वे प्रशिक्षित नहीं होते हैं। दरअसल, बेरोजगारी की वजह से युवा कम वेतन में भी स्कूल में पढ़ाने के लिए तैयार हो जाते हैं, लेकिन आमतौर पर उनके घर की जरूरतें वेतन से पूरी नहीं हो पाती है, जिसके कारण उन्हें ट्यूशन पढ़ाना पड़ता है। ट्यूशन के लिए स्कूल के बच्चों के अभिभावकों को राजी करना सबसे आसान होता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बच्चों को स्कूल में इस तरह से पढ़ाया जाता है कि विषय की सामग्री उन्हें समझ में नहीं आए। साथ ही, वार्षिक परीक्षा में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाओं, परियोजनाओं, अतिरिक्त गतिविधियों में 20 में से 20 नंबर उन्हीं बच्चों को दिया जाता है, जो ट्यूशन पढ़ते हैं। यह प्रक्रिया पारदर्शी नहीं होती है और शिक्षकों द्वारा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जाता है। अकूत पैसा कमाने की चाहत की वजह से एक कक्षा में 40 से 50 बच्चों को पढ़ाया जाता है। शिक्षक कक्षा में सिर्फ तेज बच्चों के तरफ ध्यान देते हैं, जिसके कारण अधिकांश बच्चों की संकल्पनाएं विषय के बारे में स्पष्ट नहीं हो पाती है। हालांकि, यह सच है कि अगर स्कूल में शिक्षक समुचित तरीके से पढ़ाएंगे तो बच्चों को ट्यूशन पढ़ने की जरूरत कभी नहीं पड़ेगी। मौजूदा समय में पेन, पेंसिल, कॉपी, स्कूल बैग, जूते, मोजे, ड्रेस, किताब हर चीज की खरीदगी में स्कूल कमीशन ले रहा है। निजी स्कूलों में किताबों को एमआरपी पर बेचने का ढोंग किया जाता है, क्योंकि उनकी एमआरपी उनकी वास्तविक कीमत से कई गुना अधिक होती है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फोर्मेशन सिस्टम फॉर एडुकेशन (यूडीआईएसई) की एक रिपोर्ट के अनुसार 2022 में भारत में कुल स्कूलों की संख्या 14,08,115 थी, जबकि निजी स्कूलों की संख्या लगभग 3.40 लाख थी। भले ही सरकारी स्कूलों की संख्या ज्यादा है।

# राजनीति के मैदान में फिल्मी सितारे हारते ही आये हैं

जब भी चुनावों, खासकर लोकसभा चुनाव, की तारीखें घोषित होती हैं, अपनी चमक खो चुके बॉलीवुड के सितारे अचानक राजनीति के फलक पर जगमगाने लग जाते हैं। लेकिन इन फिल्मी सितारों का राजनीतिक रोल सीमित ही रहा है। भले ही उन्होंने चुनाव जीत लिया हो लेकिन राजनीति के मैदान में वो हारते ही आये हैं। 18 वीं लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनावों में अरुण गोविल और कंगना राणावत के डेब्यू और गोविंदा की वापसी ने इस पुराने, लेकिन दिलचस्प विषय को फिर से चर्चा में ला दिया है। फिर से उन्हीं प्रश्नों को पुनर्जीवित कर दिया है, जो हर बार सितारों को चुनाव लड़ते देखकर उछाले जाते हैं। मसलन, फिल्मी सितारे राजनीति में क्यों आते हैं, जबकि समाज सेवा तो वे राजनीति में आए बिना भी कर सकते हैं। उन्हें खुद पर इतना भरोसा क्यों होता है कि जनता उन्हें जिताएगी ही पार्टियाँ अपने वर्षों पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर सितारों को क्यों चुनाव मैदान में उतारती हैं ज्यादातर फिल्मी सितारे जीतने के बाद अपने मतदाताओं के लिए कुछ नहीं करते। क्या यह देश के कीमती संसाधनों और इनसे भी कीमती जनता के मतों की बर्बादी नहीं है चुनाव क्षेत्रों में लौटकर कभी न जाने के बावजूद पार्टियाँ उन्हें फिर से उसी क्षेत्र में चुनाव लड़ने भेजने की हिम्मत और हौसला कैसे जुटा पाती हैं ऐसे और भी कई प्रश्न हो सकते हैं, जिनके जवाब खोजना कोई मुश्किल नहीं है। लेकिन, इससे पहले हमें एक बात को स्वीकार करना होगा कि यह भी उन विषयों में से एक है, जिनका सामान्यीकरण नहीं किया जा सकता।

अभी तक मतदाताओं द्वारा सितारों को चुनकर भेजने का जो रुझान रहा है, उसमें यही देखा गया है कि ज्यादातर वे सितारे चुनाव जीतते आए हैं, जो सत्तारुढ़ दल की ओर से चुनाव लड़े होते हैं। इनमें भी अधिकतर ऐसे सितारे होते हैं, जिनका राजनीति या समाजसेवा में अनुभव लगभग शून्य ही होता है। इनमें ऐसे बहुत कम होते हैं, जो समाज या लोगों के लिए कुछ करने की इच्छा के वशीभूत होकर राजनीति में आते हैं। ऐसे उदाहरण बहुत कम हैं जब ये सितारे प्रशंसकों से मतदाता बनने वाली अपने क्षेत्र की जनता को अपने कार्य से संतुष्ट कर पाए हों। अपनी छवि और सामाजिक कार्यों के बूते पर पाँच बार लोकसभा चुनाव जीतने वाले बालीवुड के स्टार सुनील दत्त जैसे कलाकार अपवाद ही होंगे, जिन्हें राजनीति बहुत रास आई। वर्ना अधिकतर सितारों ने सांसदी तो पाई लेकिन अपनी प्रतिष्ठा गंवा दी। इस वजह से कुछ दोबारा टिकट पाने में नाकाम रहे तो कुछ अपनी जीत को दोहराने में। अमिताभ बच्चन और धर्मेन्द्र जैसे कुछ कलाकार ऐसे भी थे, जिन्होंने राजनीति से मोहभंग होने की बात कहते हुए संन्यास ले लिया। वैसे भी वास्तविक जीवन में हीरो बनना सेट पर हीरो बनने जितना आसान नहीं होता। 2004 में कॉन्ग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर लोकसभा में सीट हासिल करने वाले गोविंदा न तो अपने मतदाताओं को नजर आते थे और न लोकसभा में। उन्होंने चार साल बाद सांसदी से इस्तीफा दे दिया। अपने लोकसभा क्षेत्र और लोकसभा में बहुत कम दिखाई देने वाले एक और कलाकार सनी देओल भी हैं, जो पंजाब के गुरदासपुर से सांसद हैं। उनकी राजनीति में असफलता के कारण ही इस बार भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया है। सन्नी देओल उसी सीट से सांसद थे जिससे दिवंगत विनोद खन्ना चार बार सांसद चुने गए थे। चुनाव क्षेत्र में न जाने के आरोप उन पर भी लगते थे, लेकिन उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनने और हल करने के लिए अपने लोगों की टीम बनाई हुई थी। यह टीम व्यवस्थित ढंग से अपना काम करते हुए उनकी जीत की संभावनाओं को बचाए रखती थीं। राजनीति को रास आने वाले मौजूदा कलाकारों में शत्रुघ्न सिन्हा, हेमा मालिनी और स्मृति ईरानी का नाम भी प्रमुखता से लिया जा सकता है। लेकिन, देखा जाए तो फिल्मों से राजनीति में जाने वाला फिल्म जगत का कोई भी सितारा पॉलिटिकल स्टारडम की उन ऊंचाईयों को नहीं छू पाया है, जिन पर दक्षिण के सितारे दशकों तक विराजमान रहे। चाहे वह एनटीआर हों, जयललिता हों या एम. जी. रामचंद्रन। इन्होंने अभिनेता के तौर पर भी लोगों के दिलों पर राज किया और राजनेता के रूप में भी। शत्रुघ्न सिन्हा ने ऐसी आकांक्षा जरूर पाली थी, लेकिन बेल परवान नहीं चढ़ पाई। बार-बार संसद में पहुँचने में वे अवश्य सफल रहे हैं। कुछेक अपवादों को छोड़कर, सितारों का राजनीति या समाज में कोई बहुत खास योगदान नहीं रहा है। इसके बावजूद पार्टियां उन पर दांव लगाती हैं, तो यह अकारण नहीं होता। पहले कहा जाता था कि वे सितारों की लोकप्रियता को भुनाकर अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए उन्हें मैदान-ए-जंग में उतारती हैं। लेकिन, मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में यह एक आउटडेटेड विचार लगता है। जैसे भाजपा को इस समय चुनाव जीतने के लिए किसी सितारे को टिकट देने की कोई जरूरत नहीं लगती। इसी तरह कोई सितारा कॉन्ग्रेस की जीत की गारंटी नहीं बन सकता। फिल्मी सितारों का अधिकतर उपयोग होता है, चुनाव प्रचार में भीड़ इकट्ठा करने के लिए और जनता की भावनाओं को दोहन करने के लिए। और पार्टियाँ यही करती भी हैं। दूसरा इस्तेमाल यह होता है कि उन्हें अधिकतर एक कद्दावर प्रतिद्वंद्वी के मुकाबले में उतारा जाता है, ताकि जीत के मतों का अंतर बढ़ाया जा सके या हार के अंतर को कम किया जा सके। जैसे 1984 में हेमवती नंदन बहुगुणा के मुकाबले अमिताभ को लाना, 1991 में लालकृष्ण आडवाणी के विरुद्ध राजेश खन्ना को या 2004 में राम नाईक के खिलाफ गोविंदा को उतारना। इज्जत बचाने के इस सुरक्षित खेल में ऐसे अवसर विरले ही होते हैं, जब दो फिल्मी सितारे एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते नजर आएं। जैसे कि 1992 में आडवाणी के त्यागपत्र देने के कारण खाली हुई नई दिल्ली लोकसभा सीट के लिए हुए उपचुनावों में राजेश खन्ना के खिलाफ शत्रुघ्न सिन्हा को खड़ा किया। लेकिन, इसमें भी शत्रु को हार होने के बाद राज्यसभा की सदस्यता देकर उपकृत किया गया। इसीलिए असंतुष्टों को अक्सर शिकायत करते सुना जा सकता है कि फिल्मी सितारों को उनकी योग्यता के बजाय उनकी लोकप्रियता की वजह से प्राथमिकता दी जाती है।

# विकसित भारत की दरकार है खुशहाली.....

डा. जयंतीलाल भंडारी

हमें यह ध्यान रखना होगा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित देश बनाने के लिए सरकार के द्वारा आम आदमी की प्रति व्यक्ति आय और खुशहाली बढ़ाने के लिए जो व्यय किए जाते हैं, वे उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जिस तरह सरकार के द्वारा बुनियादी ढांचे पर भारी निवेश लाभप्रद होता है। उम्मीद है सरकार रणनीतिक रूप से कारगर प्रयासों की राह पर आगे बढ़ेगी यद्यपि जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्त रूप लेने में दो माह बाकी हैं, लेकिन 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य के तहत आम आदमी की खुशहाली बढ़ाने की जरूरत के मद्देनजर अभी से प्रशासनिक स्तर पर रणनीति बनाई जाना शुरू हो गई है। देश के आम आदमी के जीवन स्तर में वृद्धि, गरीबी में कमी, रोजगार के मौके बढ़ाने जैसे विभिन्न मुद्दों पर अधिक प्रयासों से ही देश खुशहाली के उस स्तर पर पहुंच सकता है, जोकि विकसित भारत की महत्वपूर्ण दरकार है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 21 मार्च को प्रकाशित विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 को भी ध्यान में रखा जाना जरूरी है, जिसमें 143 देशों में भारत को 126वां स्थान दिया गया है। गौरतलब है कि विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 के तहत सामाजिक सहयोग, आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण जैसे कारकों के आधार पर विश्व भर के देशों का आकलन कर रैंकिंग तैयार की गई है। पिछले वर्ष भी इस रैंकिंग में भारत 126वें स्थान पर था। इस रैंकिंग में फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश है। नॉर्डिक देश खुशहाली सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। इनमें डेनमार्क और आइसलैंड ने क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। स्वीडन चौथे नंबर पर है। यद्यपि इस वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट के प्रकाशित होने के बाद दुनिया के कोने-कोने से लोग इसे अतार्किक और अविश्वसीय बनाते हुए टिप्पणियां कर रहे हैं। कहा जा



रहा है कि यूरोपीय विद्वानों के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदण्डों पर आधारित खुशहाली की रैंकिंग देने वाली यह सूची भ्रमित करने वाली है। इस रैंकिंग पर भरोसा नहीं होता है। इस खुशहाली की रैंकिंग में भारत से चार पायदान ऊपर 122वें पर स्थित पाकिस्तान दुनियाभर में महंगाई, ऋणग्रस्तता, धार्मिक आजादी व लोकतांत्रिक चुनौती से ग्रस्त ऐसे देश के रूप में चर्चित है जिस देश की सत्ता में सांप्रदायिक कट्टरपंथी जमात अग्रिम पंक्ति में है। कदम-कदम पर धार्मिक पाबंदियों वाला कुवैत दुनिया का 13वां सबसे खुशहाल देश है। इतना ही नहीं, फिलिस्तीन के साथ निर्मित युद्ध से जिस देश के हजारों लोगों के चेहरों पर निराशाएं दी हैं, उस इजराइल को दुनिया का पांचवां सबसे खुशहाल देश बताया गया है। इतना ही नहीं, युद्ध से पीड़ित क्षतिग्रस्त, हजारों मौतों का सामना कर रहा रूस 72वें, फिलस्तीन 103वें तथा यूक्रेन 105वें क्रम पर है। ये देश पीड़ाओं, निराशाओं व युद्ध के बावजूद भारत से अधिक खुशहाली की रैंकिंग दर्शा रहे हैं। इस विश्व खुशहाली रिपोर्ट में बेमेल गणनाएं की गई हैं। इस सूची के तहत दुनिया की सबसे अधिक आबादी रखने वाले भारत और भारत की आबादी से एक फीसदी से भी बहुत कम आबादी रखने वाले देशों की जनसंख्या चुनौतियों व समस्याओं के मद्देनजर तुलनाएं करते हुए भी खुशहाली की गणना की गई है। प्रश्न यह है कि भारत जैसे दुनिया की बड़ी आबादी के साथ दुनिया के सातवें सबसे बड़े भूभाग रखने वाले भारत की तुलना दुनिया के छोटे-छोटे कम आबादी व कम चुनौतियां रखने वाले देशों से कैसे की जा सकती है? खुशहाली को महज आर्थिक प्रगति और संसाधनों की अधिकता के मद्देनजर देखा जाना उपयुक्त नहीं है। जिन कई देशों को दुनिया के अधिक खुशहाल देश बताया गया है, वहां आबादी बहुत कम है, चुनौतियां भी बहुत कम हैं तथा धार्मिक विद्वेष भी नहीं हैं। ऐसे कई छोटे देशों की सरकारों को किसी समस्या को सुलझाने में ज्यादा समय नहीं लगता है। ऐसे देशों की तुलना बड़ी-बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे विशाल देशों से कैसे की जा सकती है? इस वैश्विक खुशहाली सूची में भारत के संबंध में कुछ ऐसे विश्व स्तर पर चमकीले परिदृश्य को ध्यान में नहीं रखा गया है जिनके लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक सहित दुनिया के कई आर्थिक-सामाजिक संगठन अपने शोध पत्रों के आधार पर भारत में नए प्रयासों की सराहना करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत में मानव विकास के तहत गरीबी में कमी लाने के प्रयास को भारी सफलता मिली है। पिछले एक दशक में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। पूरी दुनिया में रेखांकित हो रहा है कि भारत आम आदमी को डिजिटल दुनिया से जोडने् वाला दुनिया का प्रमुखतम देश है। भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। भारत में सरकार के द्वारा गरीबों व किसानों के बैंक खातों में सीधे 32 लाख करोड़ से अधिक धनराशि भेजकर उनका सशक्तिकरण किया गया है। चाहे खुशहाली की सूची में विभिन्न देशों की रैंकिंग अनुचित और अन्यायपूर्ण ढंग से की गई है, लेकिन हमें भारत में आम आदमी के आर्थिक कल्याण, आम आदमी की आमदनी बढ़ाने तथा खुशहाली के विभिन्न पैमानों पर बहुत आगे बढने् के लिए अभी मीलों चलना है। हमें भारत में खुशहाली बढ़ाने व आय असमानता के बड़े अंतर को कम करने के लिए बड़े प्रयास करने हैं। 21 मार्च को प्रकाशित न्यूयार्क यूनिवर्सिटी रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022-23 में भारत की कुल आय का 22.6 फीसदी हिस्सा सबसे अमीर एक फीसदी लोगों के पास गया। वर्ष 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक फीसदी आबादी के पास राष्ट्रीय संपत्ति का 39.5 फीसदी हिस्सा था, जबकि सबसे गरीब 50 फीसदी आबादी के पास केवल 6.5 फीसदी हिस्सा था। यह परिदृश्य बताता है कि भारत में असमानता बढ़ी है। स्टडी में कहा गया है कि भारत में संपत्ति टैक्स सिस्टम प्रतिगामी है, जिसका अर्थ है कि अमीर लोग अपनी संपत्ति के अनुपात में कम टैक्स दे रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में बड़े निवेशों को फंड करने के लिए टैक्स शेड्यूल में बदलाव करके आय और धन दोनों को टैक्स योग्य बनाया जाना होगा। हमें देश में मानव विकास के विभिन्न पैमानों पर तेजी से आगे बढने् पर ध्यान देना होगा। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) रिपोर्ट 2022 में भारत 193 में से 134वें स्थान पर है।

## संक्षिप्त समाचार

### गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने कहा- जीवन में प्राप्त वस्तुओं की कीमत करें

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर विवेक विहार, जयपुर की पुण्य धरा पर विराजित गणिनी आर्यिका गुरु मां



विज्ञाश्री माताजी के प्रवचनों लाभ अनेकों श्रद्धालु प्राप्त कर रहे है। जीवन में प्राप्त होने वाली वस्तुओं की कीमत मनुष्य मिट्टी के समान करता है और जो अप्राप्यकारी है उसके लिए तरसता है। यही सोच उसे जीवन सुखमय बनाने में बाधा डाल रही है। माताजी ने कहा- पुरुषार्थ करो अच्छे का, बुराई से दूर भागो, भाग्य बनेगा उज्ज्वल आपका यही जीवन जीने की कला सीखकर असली कलाकार बनें। आगामी 11 अप्रैल 2024 को पूज्य आर्यिका संघ का मंगल विहार नन्दपुरी मार्केट, हवासडक की ओर होने जा रहा है। कल की आहारचर्या एवं रात्रि विश्राम भी उसी स्थान पर होगा। टोंक जिले की जिला प्रमुख सरोज बंसल ने निर्माणाधीन सहस्त्रकूट जिनालय का अवलोकन किया। पूज्य गुरूमाँ की आहारचर्या श्रावक श्रेष्ठी महेश जैन - कोटा वालों के घर में निर्विघ्न सम्पन्न हुई। गुरु भक्त शांतिलाल सुशील जैन नंदपुरी जयपुर एवं कंवरपाल जैन सोडाला जयपुर वालों ने गुरूमां का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

### मुनि श्री संधान सागर जी महाराज ने कहा- मुमुक्षु बनो-बूबूक्षु नहीं बलेह

**बाँसा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर



जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरुणाई के प्रखर वक्ता मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज ने कहा कि मुमुक्षु बनो बूबूक्षु नहीं। मोक्तुं इच्छति इति मुमुक्षु अर्थात् की इच्छा रखने वाला मुमुक्षु कहलाता है और भोजन की इच्छा करने वाला बुबूक्षु कहलाता है। स्वयंभू स्तोत्र की अंतिम प्रवचन श्रंखला में पूज्य श्री भगवान महावीर स्वामी की स्तुति करते हुये बोले कि भगवान के अनंत गुणों का गाना अशक्य है। सर्वज्ञ ही तीनो लोको के सभी पदार्थों को युगपत जानते है। अंत में पूज्य श्रीने पद्यानुवाद लिया।

**बाँसा में हुआ भव्य मिलन :** संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिव युगल शिष्य मुनिश्री 108 विमलसागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 अनंतसागर जी महाराज एवं का भव्य मिलन युगल मुनिराज श्री मुनिश्री 108 दुर्लभसागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज दमोह के बाँसा ग्राम में हुआ। इन्दौर से एवं ऐलोरा से दोनो संघ बिहार करतें हुये आ रहे हैं। दयोदय रथ की धून पर नाचते गाते श्रावको ने इस स्वर्णिम अवसर हा लाभ लिया / बासा के श्री 1008 पार्श्वनाथ जिनालय में पहुंचकर चारो मुनिराजो ने देव वंदना की आहार के बाद सामायिक उसे मुनि से कुण्डलपुर के लिए विहार कर गया। **-विद्यावाणी संकलन**

### सुश्री नीता जैन व सुनीता संजय बोहरा ने प्याऊ घर का उद्घाटन कर जल वितरण का कार्य किया




**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ राज्य भारत स्काउट गाइड के निर्देशन अनुसार दुर्ग जिला भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान में स्काउट गाइड के बच्चों ने दुर्ग शहर के दो प्रमुख हृदय स्थलों पर सार्वजनिक जल घर के रूप में सेवाएं दे रही है। इस सेवा कार्य के लिए बच्चे और संघ को प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता संजय बोहरा ने आशीर्वाद साधुवाद प्रदान किया। जिला न्यायालय परिसर में जिला अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष सुश्री नीता जैन पार्षद और प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता संजय बोहरा ने प्याऊ घर का उद्घाटन कर जल वितरण का कार्य किया और नया बस स्टैंड जी ई रोड में दूसरा जल घर भी आपकी उपस्थिति में चालू किया गया इस अवसर पर स्काउट गाइड के बच्चे, , रोवर रेंजर और नेहा राजपूत, , अवधेश विश्वकर्मा अपनी सहयोगी टीम के साथ उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया। **-संजय बोहरा**

# सफलता का अर्थ खुशी है, पैसा नहीं : डॉ. नीता कंवर

### जब हाथ देने वाला हो तो महिलाएं सशक्त होगीं : श्रीमती मीनाक्षी टुटेजा





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आंजनेय विश्वविद्यालय में बुधवार को एवोल्विंग एस ए पॉवर वीमेन विषय में चर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण के रूप में प्रदेशभर में काम के नाम पर अपनी पहचान बना चुकी महिलाओं का पैनल मौजूद रहा। पैनेलिस्ट श्रीमती मीनाक्षी टुटेजा (आंत्रप्रेन्योर मिनाक्षी ग्रुप ऑफ कम्पनीज) ने कहा कि स्वरोजगार से महिलाएं अपने व्यवसाय की मालकिन बनती हैं, जिससे उन्हें आत्मनिर्भरता का अनुभव होता है। वे अपने कौशल और प्रतिभा के आधार पर अपने निर्मित व्यवसाय को सफल बनाती हैं। वहीं समाज में उनकी स्थिति में सुधार होता है। उनके आर्थिक स्वतंत्रता और सक्रिय भागीदारी से समाज में समानता और विकास की दिशा में प्रगति होती है। पैनेलिस्ट श्रीमती हेमलता एन स्वामी (निदेशक इआईसीएस ग्रुप ऑफ कम्पनीज) ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन का आधार कहीं न कहीं हम महिलाएं हैं। हर महिला के जीवन में अपना अलग संघर्ष है बिना संघर्ष जीवन सफल नहीं हो सकता। जीवन के जिस पडाव में आप सफल होंगी सफल कहलाएंगी। महिला शक्ति क्या है एक प्रश्न के जवाब में पैनेलिस्ट श्रीमती नेहा तिवारी (सीइओ एन्ड को फ्ऊ फाउंडर स्माड़ों टेक्नोलॉजी) ने कहा कि सोच का पंख होना ही एक महिला की शक्ति है। खूब पढ़ना और अपने सपनों को जीना यही एक महिला की ताकत है। घर और काम के बीच संतुलन कैसे बनाए का उत्तर देता हुए डॉ नीता कँवर (गायनेकोलॉजिस्ट) ने कहा कि हम जिस भारतीय समाज में रहते हैं वहां परिवार पहली प्राथमिकता है जो अच्छी बात है, इसलिए हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम घर और काम के बीच सामंजस्य बिठा पाए। कम उम्र में सफलता प्राप्त कर चुकी पलक नचरानी (आर्किटेक्ट) ने कहा कि समाज की सुनने से अच्छा है अपनी सुनों तो सफलता आपकी है। अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि कोविड में उन्होंने अपना व्यवसाय शुरू किया इस बीच बहुत से उतार चढ़ाव जीवन में आए लेकिन स्वयंसिद्धा बनाना ही अंतिम लक्ष्य महिलाओं का होना चाहिए।

विश्वविद्यालय के चांसलर श्री अभिषेक अग्रवाल ने अपने स्वागत उद्बबोधन में कहा कि आज पूरा विश्व महिला शक्ति को मानता है। इस तरह के कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय कटीबद्धता को दर्शाता है जिसके लिए हमारा विश्वविद्यालय लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसे कार्यक्रम महिलाओं के आत्मसम्मान, अधिकार और विकास को बढ़ावा देने के लिए उनकी योगदान की महत्ता को समाज में समझने का मौका देते है। कार्यक्रम में प्रो चांसलर श्रीमती दिव्या अग्रवाल, वाइस चांसलर डॉ टी रामाराव, प्रो वाइस चांसलर श्री सुमीत श्रीवास्तव, डायरेक्टर जनरल डॉ बीसी जैन सहित कार्यक्रम की संयोजक मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. रूपाली चौधरी, विभिन्न संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण, शोधार्थी, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं रायपुर शहर की प्रबुद्ध महिलाएं उपस्थित रहीं।

## भावी आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज का कुण्डलपुर में हुआ ऐतिहासिक भव्य मंगल प्रवेश

### जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक-10 द्वारा अगवानी में सहभागिता




**कुण्डलपुर ( विश्व परिवार )।** सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ कुंडलपुर की पावन वसुंधरा पर बड़े बाबा की मंगल छत्रछाया में आचार्य पदारोहण महोत्सव 16 अप्रैल 2024 को आयोजित किया जाएगा। परम पूज्य समाधिस्थ समाधि सम्राट, युगश्रेष्ठ, संत शिरोमणि, छोटे बाबा, आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के सभी शिष्य पूज्य बड़े बाबा के श्रीचरणों में पहुंच रहे हैं। मुनि व आर्यिका संघों की कुंडलपुर में निरंतर शुभागमन हो रहा है। मंगलवार 9 अप्रैल को ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 समय सागर जी महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश बड़े बाबा के दरबार में हुआ, साथ ही निर्यापक मुनिश्री 108 वीर सागर जी महाराज ससंघ सहित अनेक साधुओं का मंगल प्रवेश हुआ।

इस अवसर पर निर्यापक मुनिश्री की ऐतिहासिक भव्य अगवानी में देशभर से हजारों हजार श्रद्धालु भक्तों के साथ जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 10 की 35 शाखाओं के पदाधिकारीओं, सदस्यों ने पटेरा से कुंडलपुर तक अपनी-अपनी टीम के साथ झंडा, बैनर, आचार्य श्री के चित्र कलश, स्वागत द्वार बनाकर पूज्य समय सागर जी महाराज की ससंघ भव्य आगवानी में अपनी सहभागिता दी। जगह-जगह रंगोली सजाकर भक्तों एवं कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी, कुंडलपुर महोत्सव समिति एवं जैन मिलन द्वारा पाद प्रक्षालन किया गया।

जैन मिलन की पटेरा, कटनी, दमोह, पथरिया, हटा, खडेरी, मालथौन, मकरोनिया, सागर, बण्डा, शाहगढ़, बक्सवाहा, बड़ा मलहरा, रजवास, बांदरी गढ़ाकोटा, बांसा तारखेडा, खुरई आदि शाखाएं शामिल हुए।

जैन मिलन के मुख्य रूप से अतिवीर एड. कमलेंद्र राष्ट्रीय मंत्री राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेमचंद्र सराफ क्षेत्र अध्यक्ष अरुण चंदेरिया मंत्री श्रीमती कविता ऋषभ जैन दमोह इं. महेश जैन, दिलेश जैन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दमोह, ललित सराफ, मनीष विद्यार्थी मीडिया प्रभारी सुरेश जैन बीजनिगम, कमल डेवडिया शाहगढ़ आदि। **-मनीष शास्त्री**

## मनोयोग से सजाई आरती, बच्चों ने रंगा कैनवास

### श्री दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल करा रहा सिलसिलेवार आयोजन





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर श्री दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल की नवगठित समिति पूरे उल्लास के साथ समाज हित में एक से बढ़कर एक सिलसिलेवार आयोजन करवा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को महिलाओं और बच्चों की रचनात्मक को परखने और निखारने के लिए दो कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें महिलाओं और युवतियों के लिए आरती की थाल सजाओ प्रतियोगिता रखी गई। मंदिर हॉल प्रांगण में आधा घंटे की अवधि में महिलाओं ने अपने कौशल व हुनर का प्रयोग करते हुए पूरे मनोयोग और श्रद्धाभाव के साथ खूबसूरत कलात्मक आरती की थाल सजाई।

इस प्रतियोगिता में रिचा जैन प्रथम, अदिति जैन द्वितीय और संगीता जैन तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतिभागी मीना जैन, ज्योति जैन और माधुरी जैन को उनकी सुंदर प्रतिकृति के लिए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं दूसरी प्रतियोगिता 04 से 08 वर्ष के छोटे बच्चों के लिए रंग भरो प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक बच्चों ने हिस्सा लिया और अपनी बुद्धिमता का प्रयोग करते हुए खाली चित्रों पर रंगों का प्रयोग कर उसे खूबसूरत बनाया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मास्टर मौलिक ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अयांश जैन व अविचल जैन रहे तथा तृतीय स्थान थपकी सुराणा को प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में इवांश जैन, आनव जैन, वीर जैन, इतिशा जैन, अयन जैन, वीरांश जैन सहित बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता की संयोजक टीम में अंजलि जैन, राजुल जैनव ममता जैन शामिल थीं।

इस अवसर पर मंडल की संस्थापक सदस्य अनिता जैन, अध्यक्ष वर्षा जैन सिंघई, श्रृद्धा जैन, वंदना जैन, अलका जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे उपस्थित थे।

## रायपुर में सकल जैन समाज महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की कार्यसमिति गठित, सामूहिक सामायिक आराधना 12 अप्रैल को







**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विश्व को जियो और जीने दो का संदेश देने वाले अहिंसा के प्रणेता भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव राजधानी रायपुर में श्रद्धा भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इस महामहोत्सव के आयोजनों की रूप रेखा तय करने के लिए सकल जैन समाज द्वारा कार्यसमिति का निर्माण किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से मुख्य संरक्षक राजेश मूणत जी, संरक्षक गजराज पगारिया जी ,अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा जी,महासचिव, वीरेंद्र डागा जी,कोषाध्यक्ष अमित मूणत जी,कार्यकारी अध्यक्ष अमर बरलोटा जी, प्रचार प्रसार मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन जी को बनाया गया है। शेष सभी ट्रस्ट एवं मंदिरों के सदस्यो महिला मंडलओ को सभी संघों को कार्यसमिति में शामिल किया गया है। 21 अप्रैल को मनने वाली भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के चलते सकल जैन समाज द्वार प्रतिदिन प्रभात फेरी, धार्मिक, सामाजिक,एवं जीवदया को आत्मसात करते हुए धर्मावलंबी द्वारा 15 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 6 अप्रैल शुरू कर दिया गया हैं। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर 15 दिवसीय कार्यक्रम पूरे शहर में आयोजित किए जा रहे है।दिनांक 12 अप्रैल शुक्रवार को भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अंतर्गत सकल जैन समाज (सम्पूर्ण 14 घटकों) के द्वारा सामूहिक सामायिक आराधना सुबह 8:55 से 9:55 तक स्थान श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, एम.जी. रोड, रायपुर में रखा गया है।यह धार्मिक आयोजन शुद्ध सामायिक आत्मा को मोक्ष के द्वार तक ले जाने वाला साधन है। जिसमे सभी धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित होकर परम्पराओं एवं कल्प-मर्यादा का सम्मान करते हुए 48 मिनट एक सामायिक लेकर एक साथ एक स्वर में वीर प्रभु की आराधना कर जन्म कल्याणक दिवस को सफल एवं सार्थक बनाएंगे। इस आयोजन में सामायिक उपकरण साथ लेकर पुरुष सामायिक की वेशभूषा में व महिलाएँ पारंपरिक पूजा के वेश या केसरिया या लाल साड़ी में पधारे उपस्थित रहेंगी। इस कार्यक्रम के लाभार्थी स्व. श्रीमति इंदिरादेवी जैन के आत्मश्रेयार्थ लाभार्थी श्री जी.सी.जैन, कीर्ति, कमलेश जैन, रत्नेश जैन, लवकुश जैन परिवार श्रीमति पुष्पा देवी भीखम चंद जी कोठारी,,मनोज, कविता, संभव, श्रेया, श्रेजस, सिद्धान्त कोठारी परिवार, आनंदम, कचना वर्ल्ड सिटी, रायपुर वाले है।

आज प्रात 6.30 बजे प्रतिदिन की तरह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जिसके कार्यक्रम संयोजक एवं प्रभारी श्री साधु मार्गी जैन समता युवा संघ रायपुर है उनके द्वारा बताया गया की आज की प्रभात फेरी श्री दिलीपभाई संधीई के निवास से पारस समता कालोनी मेन रोड होते हुए श्री पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर चौबे कालोनी पहुंची। जहा बच्चो के फैंसी ड्रेस,प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कर सभी को पुरस्कृत किया गया। प्रतिदिन सांस्कृतिक,जीवदया,महावीर प्रसादी कार्यक्रम में आज सुबह 11:00 जी मठा गुढ़ियारी में वितरण श्री जिनकुशल बहुमंडल, गुढ़ियारी द्वारा,जिसमे श्वेता रामपुरिया सपना पारख विशेष रूप से उपस्थित थी। सुबह 11:00 सामग्री वितरण वृद्धाश्रम नया रायपुर में श्रमण संघीय आनंद महिला मंडल द्वारा जिसमे रीमा नाहटा,मीना बैद विशेज रूप से उपस्थित थी।, सुबह 11:00 भोजन वितरण प्रेरणा ब्लाइंड स्कूल, हीरापुर में मल्ली महिला मंडल, देवेन्द्र नगर द्वारा जिसमे चंचल सुराना नीलम लोढ़ा विशेष रूप से उपस्थित थी।

## भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 2024 : प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सीपीआर प्रशिक्षण शिविर 14 को



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 2024 के अवसर पर एमजी रोड स्थित श्री जिनकुशल सुरि जैन दादाबाड़ी में 14 अप्रैल को दोपहर 3 से 5 बजे प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता व सीपीआर प्रशिक्षण शिविर आयोजित है। शिविर का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं एम्स रायपुर व जैन सोशल ग्रुप (सेंट्रल) की ओर से किया गया है।

जैन सोशल ग्रुप (सेंट्रल) के सचिव पंकज कांकरिया ने बताया कि शिविर में कोर्स डायरेक्टर डॉ. महेश सिन्हा और कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. अनिल जैन होंगे। शिविर में शहर के अनुभवी व प्रसिद्ध डॉक्टर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्टर, कान, नाक, गला विशेषज्ञ डॉ. राकेश गुप्ता, न्यूरोफिजिशियन डॉ. संजय शर्मा, जनरल सर्जन डॉ. सुभाष अग्रवाल, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. शम्भूनाथ बनर्जी, इंटेंसिविस्ट डॉ. सुधीर टिचकुले, रायपुर एम्स के डीन डॉ. आलोक अग्रवाल, जनरल फिजिशियन डॉ. विकास अग्रवाल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मित श्रीवास्तव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्रा, एम्स के डॉ. जयश्री घाटे, इंटेंसिविस्ट डॉ. ज्योतिर्मय चंद्राकर, इंटेंसिविस्ट डॉ. विवेक गोयल, इंटेंसिविस्ट डॉ. अभिनव गोयल, इंटेंसिविस्ट डॉ. सुनील जैन, इंटेंसिविस्ट डॉ. अनीश गोलछा प्रशिक्षण एवं जानकारी देंगे। शिविर के विषय में अधिक जानकारी के लिए डॉ. अनिल जैन, डॉ. सुशील जैन, जेएसजी अध्यक्ष निलेश बोथरा एवं सचिव पंकज कांकरिया से 9229301500 पर संपर्क किया जा सकता है। शिविर में दुर्घटना या स्वास्थ्य संबंधी किसी आपातकालीन स्थिति में डॉक्टर या एम्बुलेंस के पहुंचने के पहले या हॉस्पिटल पहुंचने तक दिए जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा तथा जरूरी सावधानियों के बारे में बताया जाएगा, ताकि मरीज़ की स्थिति और ना बिगड़े। ऐसा इसलिए क्योंकि ज्यादातर परिस्थितियों में देखा गया है कि हॉस्पिटल पहुंचने तक का समय कभी-कभी मरीज की जान बचाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण एवं निर्णायक होता है।

### क्या हो सकती है स्वास्थ्य आपातकालीन स्थितियां

अचानक चलते-चलते गिर पड़ना, बेहोश हो जाना या सांस रूक जाना। बिजली का झटका लगने पर। दुर्घटनावश जल जाने पर। सांप, बिच्छू, जहरीला कीड़े या कुत्ते के काटने परनाक, कान, गले से खून निकलने पर बच्चों के गले या नाक में कोई बाहरी वस्तु या खाना फंस जाने पर। मिर्गी का झटका आने पर। छाती में दर्द होने पर। ऐक्सिडेंट, किसी प्रकार का चोट लगने पर या हड्डी टूट जाने पर। शिविर में अचानक सांस व हृदय गति रुक जाने पर सीपीआर हार्ट को पम्प करने व कृत्रिम सांस देने का पुतले पर प्रशिक्षण एक्सपर्ट के मार्गदर्शन में दिया जाएगा। बच्चों को घर में किसी प्रकार की परेशानी होने पर क्या सावधानी रखनी चाहिए, वैक्सिनेशन और अभिभावक के कर्तव्यों के बारे में बताया जाएगा।

## बागेश्वर धाम वाले धीरेंद्र शास्त्री को जान से मारने की धमकी

**हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा**

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** उत्तर प्रदेश के बरेली में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। फेसबुक के माध्यम से दी गई धमकी में सिर तन से जुदा करने की बात कही गई है। जिसके बाद हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता भड़क उठे। उन्होंने बरेली के आंवला कोतवाली में एक शिकायती पत्र दिया है। इस शिकायती पत्र में कहा गया है कि सनातन धर्म के गुरु पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की फोटो लगाकर अशोभनीय तरह से एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया, जिसमें सिर तन से जुदा का ऑडियो भी लगाया गया है। इस वीडियो से हिंदू लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं और समाज के संगठनों में काफी आक्रोश है।

इसके चलते सैकड़ो की संख्या में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने इकट्ठा होकर आंवला कोतवाली परिसर में जमकर हंगामा किया। उन्होंने पुलिस अधिकारी से एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए आरोपी पर एक्शन की मांग की है। फिलहाल, कोतवाली पुलिस ने धमकी देने के आरोप में फैज रजा नाम के शख्स के खिलाफ 505(2) धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच-पड़ताल की जा रही है।

वहीं, इस पूरे मामले में हिंदूवादी संगठन के नेता ने कहा कि फैज रजा ने फेसबुक पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का फोटो लगाकर उनका सिर तन से जुदा करने और अशब्द लिखते हुए स्टेट्स लगाया है। इसमें सिर तन से जुदा का गाना भी शामिल है। उसकी पोस्ट पर कुछ और लोगों ने भी अभद्र टिप्पणी की है। इन सब हरकतों से माहौल खराब हो सकता है, इसलिए आरोपी पर सख्त एक्शन लिया जाए। गौरतलब है कि इससे पहले भी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को धमकी मिल चुकी है। ऐसे में उनके साथ सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

## आदिनाथ से महावीर धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत किए गए जीव दया और गौ सेवा के कार्य

### गुरुवार को करेंगे परिण्डा वितरण एवं गरीबों को भोजन वितरण




**जयपुर ( विश्व परिवार )।** राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जन्म कल्याणक दिवस बुधवार 3 अप्रैल से जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस रविवार 21 अप्रैल तक आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को युवा महासभा के सांगानेर जोन द्वारा पिंजरा पोल गौशाला सांगानेर में गायों को चारा एवं गुड़ खिलाकर गौ सेवा की तथा पक्षियों को चुग्गा व दाना डालकर जीव दया का आयोजन किया गया।

इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन, महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, सांगानेर संभाग के अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया, महामंत्री एडवोकेट महावीर सुरेंद्र जैन, सांगानेर जोन अध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र सोगानी, महामंत्री आशीष पाटनी, संयुक्त महामंत्री मनीष पाटनी, मंत्री प्रदीप वैद, उपाध्यक्ष सुरेश बिलाला, कोषाध्यक्ष अरविंद बिलाला, प्रतापनगर जोन अध्यक्ष पारस जैन, महामंत्री त्रिलोक जैन, सांगानेर ग्रामीण जोन के महामंत्री अमन जैन पत्रकार, संयोजक प्रकाश लुहाडिया, मनीष सोगानी, नितेश काला, अमित गोधा, पवन सेठी, महेंद्र सोगानी, सत्येंद्र सोगानी, संजू सोगानी, डॉक्टर कल्पना वैद, अनुपम बिलाला, अर्चना सोगानी, नीलम सोगानी सहित कई महानुभव उपस्थित थे। युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक गुरुवार, 11 अप्रैल को प्रतापनगर जोन द्वारा प्रातः 7.30 बजे गोपीनाथ हास्पिटल रोड पर केशव पार्क (बडा पार्क) में जीव दया कार्यक्रम के तहत परिण्डे लगाये जाएगें तथा निःशुल्क परिण्डो का वितरण किया जाएगा।

इसी दिन सायंकाल 6.00 बजे टौंक रोड-मानसरोवर सम्भाग के अधीनस्थ दुर्गापुरा जोन द्वारा त्रिवेणी नगर पुलिया के नीचे (बजरी मण्डी ) पर जरुरतमंद एवं निर्धन लोगों को निःशुल्क भोजन करवाया जायेगा।

श्री जैन के मुताबिक धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़ा 21 अप्रैल तक चलेगा।जिसके तहत सेवा के विभिन्न कार्यक्रम किए जायेगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदान को लेकर भावी युवा मतदाताओं में उत्साह

**मोहला(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदान के प्रति भावी और युवा मतदाताओं में खासा उत्साह और रुझान देखने को मिल रहा है। युवा मतदाता स्वस्फुरत होकर मतदान करने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। युवाओं का कहना है कि युवा देश का भविष्य हैं और देश के विकास में युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। युवाओं से बात करने पर कुमारी सीमा पोंगाटी ने कहा कि वह पहली बार लोकसभा में अपना मतदान करने जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि 26 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस पर वह अपना पहला वोट डालेगी। उन्होंने अन्य लोगों को अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसी प्रकार कुमारी रोशनी नेताम ने कहा कि मेरा वोट, मेरी ड्यूटी है। उन्होंने मतदान के प्रति अपनी संकल्पना को बताते हुए कहा कि वह पहली बार वोट करने जा रही है और काफी उत्साहित है। युवा मतदाता राजा साहू ने कहा कि वह अवश्य मतदान करेगा और लोकतंत्र की मजबूती व देश के विकास में अपना योगदान देगा।

### चलित मतदान दलों ने घर-घर जाकर कराया होम वोटिंग

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांगजन एवं 85 वर्ष से अधिक बुजुर्ग मतदाताओं से मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां उनके घर पहुंचीं तो मतदाताओं के चेहरे खिल गए। शारीरिक शिथिलता और दिव्यांगता की वजह से मतदान न कर पाने का उनका मलाल दूर हो गया। सभी ने निर्वाचन आयोग की इस व्यवस्था पर खुशी जताई। इस कड़ी आज भांसी ग्राम के गुमापारा निवासी दिव्यांग मतदाता श्री सोनू तेलम द्वारा भी होम वोटिंग किया गया। श्री सोनू ने पोस्टल बैलेट से वोट डालकर कहा कि चलने-फिरने में परेशानी की वजह से वह वोट डालने नहीं जा पाता था। परन्तु इस बार नई व्यवस्था से पोलिंग पार्टी मेरे घर पहुंची और वोट डालकर बहुत खुशी हुई। अब मैं अपने मत के अधिकार से वंचित नही रहुगा। इस संबंध में सोनू के परिवारजन बताया कि सोनू बचपन से ही पोलियोग्रस्त है, और अभी उसकी उम्र 19 वर्ष है हालांकि उसका दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाया जा चुका है। मालूम हो कि इस श्रेणी के लोगों के घर जब पोलिंग टीम पहुंचती है तो पहले तो लोग कुछ समझ नहीं पाते है और जब पोलिंग पार्टी अपने आने का कारण बताती है तो वे उत्साह के साथ घर के वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग मतदाता सदस्यों का मतदान कराने में मदद करते है। इसके साथ यह भी कहना है कि निर्वाचन आयोग की इस संवेदनशील पहल से वृद्धजन और दिव्यांगों को घर बैठे मतदान की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बहराल उन्हें मतदान के लिए पोलिंग स्टेशन जाने और लाइन में लगने के झंझट से मुक्ति मिल गई। इस क्रम में शाम पांच बजे तक चलित मतदान टीमों ने अपने-अपने क्षेत्र में मतदान कराया। इस प्रकार कुल मिलाकर दिव्यांग और वयोवृद्ध मतदाता द्वारा इस प्रकार घर बैठे उत्साहपूर्वक मतदान किया जाना अन्य मतदाताओं के लिए प्रेरणा है।

### व्यय प्रेक्षक प्रधान ने नोडल अधिकारियों की ली बैठक

**सुकमा(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बस्तर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक श्री आशुतोष प्रधान द्वारा जिला कार्यालय में सभी निर्वाचन नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा निर्वाचन के संबंध में जिले में की गई तैयारियों की जानकारी दी गयी। व्यय प्रेक्षक द्वारा जिले में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए स्थैतिक निगरानी एवं उड़नदस्ता दोनों ही दलों नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निवार्चन को प्रभावित करने वाली सभी सामग्रियों के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया। बस्तर लोकसभा व्यय प्रेक्षक श्री प्रधान द्वारा वीडियो निगरानी दल, व्यय अनुवीक्षण दल, मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के अधिकारियों से चर्चा करते हुए प्रत्येक प्रत्याशी के व्ययों पर कड़ी नजर रखने तथा किसी भी प्रकार के अतिरिक्त खर्च किये जाने पर त्वरित कार्यावाही करते हुए संबंधित व्यय को संबंधित प्रत्याशी के खाते में जोड़ने के निर्देश दिये। व्यय प्रेक्षक द्वारा लोकसभा निर्वाचन हेतु बनाये गये नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने आ रही शिकायतों एवं उन पर की गयी कार्यवाहियों की भी जानकारी ली। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण ईकाई एवं व्यय अनुवीक्षण ईकाई का किया निरीक्षण' व्यय प्रेक्षक द्वारा जिला कार्यालय में बनाये गए मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण ईकाई तथा व्यय अनुवीक्षण ईकाई का निरीक्षण किया गया। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण ईकाई पहुंच कर उन्होंने प्रत्येक प्रत्याशी के सभी सोशल मीडिया एकाउंट तथा टीवी चैनलों के प्रत्येक विज्ञापन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, नोडल अधिकारी सहित अन्य निर्वाचन संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सामान्य प्रेक्षक ने चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

### बड़ांजी व लोहण्डीगुड़ा चेक पोस्ट सहित स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों का लिया जायजा



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे.गणेशन ने मंगलवार को बस्तर जिले के चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और मतदान केन्द्रों पर निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप मतदाताओं के लिए छाया, पेयजल, शौचालय की सुविधा सहित दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प इत्यादि की व्यवस्था को देखा और ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए छाया एवं पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक डॉ.गणेशन ने अपने भ्रमण के दौरान बड़ांजी एवं लोहण्डीगुड़ा चेक पोस्ट का जायजा लिया और यहां तैनात स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों का जांच कर नकदी, आभूषण एवं शराब के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे.गणेशन ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत माध्यमिक शाला बड़ांजी में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 44 व 45 सहित उसरीबेड़ा के मतदान केन्द्र क्रमांक 33 का निरीक्षण कर मतदाताओं को सुगम मतदान करने के लिए प्रवेश व निकास की व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं को देखा और सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बड़ांजी एवं लोहण्डीगुड़ा चेक पोस्ट में वाहनों की जांच सम्बन्धी जानकारी, पंजियों के संधारण इत्यादि का निरीक्षण किया और यहां पर तैनात स्थैतिक निगरानी दलों को सभी वाहनों का सघन जांच करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम लोहण्डीगुड़ा शंकरलाल सिन्हा एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### शत प्रतिशत मतदान करने के लिए किया गया प्रेरित

**सुकमा(विश्व परिवार)।** स्वीप कार्यक्रम के तहत सुकमा जिले के कोण्टा ब्लॉक के अंतर्गत एर्राबोर, मरईगुडा, पोलमपल्ली, दुब्बाटोटा, गोरगुण्डा,भेज्जी, बण्डा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मत का प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से नवीन मतदाताओं को हस्ताक्षर पटल पर हस्ताक्षर पटल पर हस्ताक्षर कराया गया व शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाया गया इसके अलावा ग्राम पंचायत मिसमा में नए मतदाताओं को जागरूक कार्यक्रम कर शत प्रतिशत मतदान करने का शपथ दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल एवं कॉलेजों के सभी छात्र छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु रैली, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिताएं जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

## जिले में बाईक रैली एवं स्वीप दीपदान कार्यक्रम का आयोजन कर 26 को मतदान करने का दिया गया संदेश

**एक दीप जलाए मतदान की अलख जगाने के लिए शिवनाथ नदी के तट पर स्वीप दीपदान कार्यक्रम का किया गया आयोजन**

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत जिले में लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बाईक रैली का आयोजन कलेक्टोरेट स्वीप गार्डन से प्रारंभ कर शिवनाथ नदी मोहारा के तट पर समाप्त किया गया। इस अवसर पर शिवनाथ नदी मोहारा के तट पर स्वीप दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सु सुरूचि सिंह ने बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाईक रैली में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। बाईक रैली जिला कार्यालय के स्वीप गार्ड से प्रारंभ होकर शहर की घनी आबादी वाले क्षेत्र नया बस स्टैण्ड, गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, जय स्तंभ चौक सुमित गली, जूनी हटरी, गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक, भारत माता चौक, सदर बाजार, बसंतपुर थाना, कुंआ चौक, नंदई चौक होते हुए शिवनाथ नदी के तट स्थित मोहारा मेला ग्राउंड में समाप्त हुई। शिवनाथ नदी के तट स्थित मोहारा मेला ग्राउंड में स्वीप दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाईक रैली में सभी खुशी एवं उमंग के साथ शामिल हुए। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हेलमेट पहनकर बाईक रैली में हिस्सा लिया। एक दीप जलाए मतदान की अलख जगाने के लिए शिवनाथ नदी के तट पर स्थित मोहारा मेला ग्राउंड में स्वीप दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजनांदगांव शहर के किनारे शिवनाथ नदी के तट पर दीपक की रौशनी से दीपावली का नजारा दिखा। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा चुनाव का पर्व देश का गर्व लोकसभा निर्वाचन 2024 का आकर्षक विशाल रंगोली बनाई गई और शत प्रतिशत वोट राजनांदगांव आकृति बनाकर हजारों की संख्या में दीप जलाकर जिले के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका तथा बिहान समूह की महिलाओं द्वारा शिवनाथ नदी में दीपदान कर 26 अप्रैल को अवश्य मतदान करने का संकल्प लिया गया और नागरिकों से मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान करने की अपील की।

## होम वोटिंग के माध्यम से चिन्हांकित 7 वरिष्ठजनों तथा 3 दिव्यांग मतदाताओं ने मताधिकार का किया प्रयोग

**सुकमा(विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वरिष्ठजनों तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले चिन्हांकित मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस के मार्गदर्शन में लोक सभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत गठित विशेष मतदान दलों द्वारा चिन्हांकित वरिष्ठजनों एवं दिव्यांग मतदाताओं से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया। इस क्रम में आज जिला कार्यालय स्थित निर्वाचन शाखा से सीलिंग की प्रक्रिया सम्पन्न की गयी। ज्ञात हो कि जिले में चलित मतदान के माध्यम से सोमवार को वरिष्ठजनों एवं दिव्यांग मतदाताओं से मतदान कराया गया। इसके अंतर्गत 07 वरिष्ठजनों तथा 03 दिव्यांग मतदाता शामिल है। इसके तहत दिव्यांग श्री अभिकांत मिश्रा ने डाक मतपत्र द्वारा मतदान के पूर्व काफी उत्साहित नजर आये। होम वोटिंग के लिए मतदान दल जैसे ही उनके घर पहुंचा, तो उनके घर के सदस्यों ने मतदान दल का स्वागत किया और अपने परिवार के मुखिया श्री अभिकांत मिश्रा को इसकी सूचना दी। श्री अभिकांत मिश्रा ने आज अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए सुबह से ही इंतजार कर रहे थे और इसके लिए उत्साहित भी थे। जैसे ही मतदल उनके घर पहुंचा दल द्वारा तुरंत विधिवत कागजी कार्रवाई करते हुए उन्हें डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान कराया गया। इसके साथ ही मतदान दल द्वारा सुकमा, झलियारास, गादीरास, दोरनापाल, कोंटा और छिंदगढ़ में भी दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के घर जाकर उनसे मतदान प्रक्रिया पूर्ण कराई गयी। इस दौरान श्री सीताराम राणा, बीएलओ सहित मतदान दल के सदस्य उपस्थित थे।

## सायकल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

**सुकमा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री हरिस एस. के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ व स्वीप नोडल अधिकारी श्री लक्ष्मण तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इसी क्रम में स्वीप कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने सायकल रैली निकालकर आमजनों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। आज जिला मुख्यालय सुकमा में सायकल रैली गादीरास चौक से प्रारंभ होकर बस स्टैड होते हुए मिनी स्टेडियम सुकमा में समापन हुआ। रैली का मुख्य उद्देश्य स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ ही अन्य लोगों को भी जागरूक करना था। इस दौरान सायकल और हाथों में बैनर पोस्टर लेकर नारों की गूंज के साथ छात्र-छात्राओं अधिकारियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आम नागरिकों मतदाता जागरूकता का संदेश देकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग एवं स्वीप सहायक नोडल अधिकारी श्री संजय पाण्डे ने विद्यार्थियों को संबोधित करने हुए कहा कि आप सब देश के भावी मतदाता है। जिनका नाम मतदाता सूची में जुड़ा हुआ है वे अवश्य मतदान करें और अन्य लोगों को भी इसकी जागरूक करें।

## दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को मतदान करने के लिए मिलेगी नि:शुल्क परिवहन सुविधा

**घर से मतदान केन्द्र और मतदान केन्द्र से घर तक सुगम आवागमन के लिए होगी सहूलियत**

**सुकमा(विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतदान दिवस 19 अप्रैल को दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक वर्ग के मतदाताओं को नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस.हरीस के मार्गदर्शन में जिले के अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन किया जाकर इन मतदाताओं द्वारा मांग किए जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् उनके आवास स्थल तक छोड़ने हेतु नि:शुल्क वाहन व्यवस्था किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस.हरीस के मार्गदर्शन में मतदान के लिए दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को नि:शुल्क परिवहन सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिले के शहरी क्षेत्रों में स्थित मतदान केन्द्रों का कलस्टर बनाकर रूट चार्ट तैयार किया गया है जिसके अनुसार नि:शुल्क परिवहन व्यवस्था हेतु दिव्यांग रथ तैयार किये जाने कहा गया है। जिससे कलस्टर में सम्मिलित सभी मतदान केन्द्रों में आवास से लाने एवं आवास स्थल तक छोड़ने हेतु रूट चार्ट अनुसार परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस हेतु मतदान दिवस को प्रत्येक शहरी क्षेत्र में दिव्यांग रथ संचालित किये जायेंगे,जिसमें संबंधित नगरीय निकाय तथा जनपद पंचायत के अधिकारी आपसी समन्वय कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित् करेंगे। दिव्यांग रथ में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित बैनर प्रदर्शित किया जाएगा।

# जिले की नारी शक्तियों ने मतदाता जागरूकता में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**लगभग 1 लाख महिलाओं ने मतदाता कार्ड के साथ सेल्फी लेकर गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराया जिले का नाम**



**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन के तहत जिलेवासियों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है इसी कड़ी में आज मतदाता जागरूकता अभियान में जिले की महिलाओं ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में गरियाबंद जिले का नाम दर्ज कराया।जिले की लगभग 1 लाख महिलाओं ने निर्धारित समय में अपने मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी लेकर रिकॉर्ड कायम किया। गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड के छत्तीसगढ़ हेड सोनल राजेश शर्मा ने इस बड़ी उपलब्धि के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल को कलेक्टर सभाकक्ष में मीडिया की मौजूदगी में प्रोविजनल प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किया। दरअसल कलेक्टर अग्रवाल के नेतृत्व में आज सेल्फी विथ एपिक अभियान चलाया गया। इसके तहत जिले की महिलाओं ने एपिक कार्ड के साथ सेल्फी लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर में प्रेषित किया। नवरात्रि के पहले दिन जिले की नारी शक्तियों ने सेल्फी विथ ईपिक अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। परिणामस्वरूप लगभग 1 लाख महिलाओं ने ईपिक कार्ड के साथ सेल्फी लेकर प्रेषित किए। मतदाता जागरूकता के इस अनोखे अभियान से वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया गया।

### सारंगढ़ में तीन हजारों दीपों से जगमगाया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत संध्या में स्वीप दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, स्वीप नोडल अधिकारी चौहान सीईओ जनपद पंचायत सारंगढ़ संजू पटेल, पत्रकारगण, नगरवासी और बिहान समूह की महिलाएं उपस्थित थीं। इस आयोजन में बिहान समूह की महिलाओं ने हजारों दीये जलाए। इस स्वीप दीप महोत्सव में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, एसपी पुष्कर शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर मतदाताओं को निर्भीक होकर स्व स्फूर्त मतदान करने का संदेश दिया। नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने मतदाता जागरूकता संदेश को जिले भर में वृहद स्वरूप में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इन कार्यक्रमों का आयोजन किया। संदीप तंबोली बीपीएम, बिहान और बिहान समूह की सैकड़ो महिलाओं ने खेलभाठा मैदान में ''चुनाव का पर्व देश का गर्व'' थीम पर तीन हजार दीपक जलाकर मतदाता जन जागरूकता का संदेश दिया। कलेक्टर साहू एवं एसपी शर्मा ने मतदाता जागरूकता को लेकर सभी को शपथ दिलाया। कलेक्टर ने नए युवा मतदाताओं को मतदान करने और अपने से जुड़े अन्य मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने की बात कहा।

## व्यापार समाचार

## नवरात्रि के पहले दिन शेयर बाजार में उछाल, सेंसेक्स पहली बार 75000 के पार, निफ्टी भी नए रिकॉर्ड पर

**मुंबई ( एजेंसी )।** आज से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो गई है और पहले ही दिन शेयर बाजार ने इसका स्वागत करते हुए नया कीर्तिमान रच दिया है। मंगलवार को स्टॉक मार्केट ओपन होने के साथ ही बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के सेंसेक्स ने जोरदार छलांग लगाई और पहली बार 75,000 का आंकड़ा पार कर लिया। सेंसेक्स के साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (ह्रस्श्व) का निफ्टी इंडेक्स भी रॉकेट की रफ्तार से भागा और 22,700 का नया शिखर छू लिया। मंगलवार को शानदार ग्लोबल संकेतों के बीच स्ह्लशष्द्म स्ढ्ढह्म्द्गह्ल में जोरदार तेजी के साथ कारोबार की शुरुआत हुआ। बीएसई का सेंसेक्स सुबह 9.15 बजे पर पहली बार 75000 का आंकड़ा पार करते हुए 75,124.28 के स्तर पर ओपन हुआ और ये इसका ऑल टाइम हाई लेवल है। बीते कारोबारी दिन ड्ढस्श्व स्द्गठ्ठह्यद्ग× 74,742.50 के लेवल पर क्लोज हुआ था। ह्रस्श्व ह्लद्बद्घह्ल4 भी सेंसेक्स की चाल में चाल मिलता हुआ नजर आया और बाजार खुलने के साथ ही नए शिखर पर जा पहुंचा। निफ्टी ने 22,765.10 के रकॉर्ड स्तर पर कारोबार की शुरुआत की, बीते कारोबारी दिन एनएसई का ये इंडेक्स 22,666.30 के लेवल पर क्लोज हुआ था। शेयर बाजार में कारोबार की शुरुआत होने के साथ जहां 1,662 शेयरों में तेजी देखने को मिली, तो वहीं 584 शेयर ऐसे थे जिनकी शुरुआत गिरावट के साथ लाल निशान पर हुआ। वहीं 97 शेयरों की स्थिति में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला। स्द्गठ्ठह्यद्ग× की अगर बात करें तो शुरुआती रफ्तार लगातार बनी हुई है और खबर 15 मिनट के कारोबार के बाद अपने ऑल टाइम हाई से थोड़ा फिसलकर ये इंडेक्स 281.85 अंक या 0.38 फीसदी की तेजी के साथ 75,024.35 के स्तर पर ट्रेड कर रहा है।

## अनएकेडमी ने आरंभ 2024 में पेरेंट्स को सम्मानित कर रायपुर के स्टूडेंट्स के सपनों को किया साकार



**रायपुर।** भारत के सबसे बड़े एजुकेशन प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने आईआईटी, जेईई और एनईईटीयूजी उम्मीदवारों के लिए साल के मेगा इवेंट आरंभ 2024 की मेजबानी की। इस मौके पर अनएकेडमी अपने टॉप एकेडमिक परफॉर्मेंस की अचीवमेंट को सेलिब्रेट किया, जिसमें बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन, फेमस बॉलीवुड फिल्म मेकर करण जौहर, विजिनरी बिजनेस मैन अनुपम मित्तल, टेनिस आइकन सानिया मिर्जा सहित कई जानी-मानी हस्ति भी उपस्थित रहीं। आरंभ 2024 में, अनएकेडमी ने शिक्षार्थियों की सफलता का जश्न मनाने और देशभर के छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए शीर्ष अनएकेडमी शिक्षकों के साथ अपने आईआईटी, जेईई और एनईईटी यूजीटॉपर्स का स्वागत किया। रायपुर की श्रुतिसिंह और मुस्कान चंद्राकर उन कुछ स्टूडेंट्स में से हैं, जिनका सपना अनएकेडमी ने पूरा किया है । अनएकेडमी की स्टूडेंट श्रुतिसिंह ने अपने माता-पिता को केदारनाथ की यात्रा पर ले जाने की इच्छा जताई थी, जबकि एक अन्य स्टूडेंट मुस्कान ने अपनी मां के लिए एक सोने की अंगूठी खरीदने का सपना संजोया था। अनएकेडमी ने इन स्टूडेंट्स और उनके पेरेंट्स को कार्यक्रम के दौरान स्टेज पर यह सम्मान देकर सरप्राइज कर दिया। इस सम्मान की स्टूडेंट्स को उम्मीद नहीं थी और उन्हें भी कार्यक्रम में मौजूद प्रमुख हस्तियों ने सम्मानित किया।

## सैमसंग ने 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' का तीसरा सीजन लॉन्च किया

**रायपुर।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्राण्ड, ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' के तीसरे संस्करण की घोषणा कर दी है। इसका आयोजन फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एण्ड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी), आईआईटी दिल्ली, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और यूनाइटेड नेशंस इन इंडिया के सहयोग से किया जा रहा है। 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' के साथ सैमसंग का लक्ष्य देश के युवाओं के बीच अभिनव चिंतन एवं समस्या हल करने की संस्कृति को बढ़ावा देना है। 'सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024' का उद्घाटन सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट एवं सीईओ श्री जेबी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वरिष्ठ निदेशक और वैज्ञानिक 'जी' डॉ. संदीप चटर्जी और भारत में यूनाइटेड नेशंस के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर श्री शोम्बी शार्प ने किया। इस मौके पर अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। यह सीएसआर कार्यक्रम अभिनव समाधानों की शक्ति और जीवन बदलने में उनकी योग्यता को पहचान देता है। इसका मजबूत सामाजिक प्रभाव होता है और सैमसंग का #TogetherforTomorrow #EnablingPeople का नजरिया मजबूत होता है।

## वित्त वर्ष 2023-24 में ईंधनों की मांग रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** देश में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, बिटुमिन जैसे पेट्रोलियम उत्पादों की खपत वित्त वर्ष 2023-24 में पांच प्रतिशत बढ़कर 23 करोड़ 32 लाख 76 हजार टन पर पहुंच गई। आधिकारिक आंकड़ों में यह तथ्य सामने आया है। वित्त वर्ष 2022-23 में देश में पेट्रोलियम पदार्थों की खपत 22 करोड़ 30 लाख 21 हजार टन रही थी। मुख्य रूप से ट्रकों, बसों और कृषि क्षेत्र द्वारा उपयोग किए जाने वाले डीजल की बिक्री में एक साल पहले की तुलना में 2023-24 में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो देश में आर्थिक गतिविधि के उच्च स्तर को दर्शाता है।

# आईपीएल 2024 : जडेजा के 3 विकेट, गायकवाड़ के नाबाद पचासे ने सीएसके को केकेआर पर 7 विकेट से जीत दिलाई



**चेन्नई( एजेंसी )** । एमए चिदंबरम स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच में रवींद्र जडेजा ने 3-18 के स्पेल से खेल का रुख पलट दिया, जबकि कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 58 गेंदों में नाबाद 67 रनों की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की, जिससे गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स पर सात विकेट से जीत दर्ज की। सीएसके की यह तीसरी घरेलू जीत है। जडेजा ने स्टंप-टू-स्टंप लाइन बनाए रखी और मैच-डिफाइनिंग स्पेल के अपने चार ओवरों में केकेआर के बड़े हिटरों को परेशान करने के लिए रणनीति में मामूली बदलाव किए। तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे और वापसी कर रहे मुस्तफिजुर रहमान ने शानदार लाइन और लेंथ के असाधारण स्पेल के साथ अंतिम छोर पर धीमी गेंदें फेंकी और क्रमशः 3-33 और 2-22 रन बनाए। तीनों के प्रयासों से धीमी पिच पर टर्न की पेशकश करते हुए केकेआर 137/9 के स्कोर पर पहुंचा। बाद में गायकवाड़ ने वफादार घरेलू दर्शकों के सामने अपने बल्ले से शानदार नौ चौकों की झड़ी लगा दी और 14 गेंद बाकी रहते लक्ष्य पूरा कर लिया। गायकवाड़ ने चार मैचों में 46 के उच्चतम स्कोर के साथ 88 रन बनाए। केकेआर की नाबाद पारी को तोड़ने में उन्हें डेरिल मिशेल और प्रभावशाली खिलाड़ी शिवम दुबे के अच्छे 20 रनों का भी सहयोग मिला। तीसरे ओवर में नरेन ने देशपांडे की गेंदों पर दो चौके और एक छक्का जमाया। इसके बाद उन्होंने शार्दुल ठाकुर के खिलाफ स्ट्रेट ड्राइव से चार रन बनाए और केकेआर के 50 रन पूरे करने के लिए महेश तीक्षाना को लॉन्ग-ऑन पर छह रन के लिए भेजा। दूसरे छोर से युवा अंगक्रिश रघुवंशी ने चार आधिकारिक चौके लगाए, जिसमें तीक्षाना के सिर के ऊपर से छक्का लगाना भी शामिल था। इसके बाद केकेआर ने पावर-प्ले 56/1 पर खत्म किया। लेकिन तभी पहुंचे जडेजा ने आठ गेंदों में तीन विकेट लेकर सीएसके को बढ़त दिला दी।

## आरईसी ने हरित बिजली परियोजनाओं के लिए 2023-24 में मंजूर किये छह गुना ऋण





**नई दिल्ली( एजेंसी )।** बिजली क्षेत्र के लिए वित्त उपलब्ध कराने वाली सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी आरईसी का नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए स्वीकृत ऋण 2023-24 के दौरान छह गुना से अधिक होकर 1,36,516 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पहले 2022-23 में स्वीकृत ऋण 21,371 करोड़ रुपये था। नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ऋण में तेज वृद्धि जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए कार्बन उत्सर्जन कम करने की सरकार की रणनीति का हिस्सा है। जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष के लिए आरईसी द्वारा स्वीकृत ऋणों का कुल मूल्य 3.59 लाख करोड़ रुपये है, जो पिछले वर्ष की इसी राशि की तुलना में 33.66 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। आरईसी लिमिटेड ने इस साल जनवरी में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए धन जुटाने के लिए 10 अरब डॉलर के अपने ग्लोबल मीडियम टर्म नोट्स प्रोग्राम के तहत 61.1 अरब जापानी येन के 5-वर्षीय और 5.25-वर्षीय ग्रीन बॉन्ड जारी किए। यह अंतर्राष्ट्रीय बॉन्ड बाजार में आरईसी का 11वां और येन में किसी भी भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा पहला बॉन्ड था।

## चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक सुपर किंग्स कहा जाना चाहिए : आकाश चोपड़ा



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कोलकाता के खिलाफ चेन्नई के प्रदर्शन की सराहना की। साथ ही उन्होंने आईपीएल 2024 में घरेलू मैदान पर जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए सीएसके को 'किंग्स ऑफ चेपॉक' करार दिया । रवींद्र जडेजा (3-18) के प्रदर्शन की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता के खिलाफ यादगार जीत दर्ज की। साथ ही तुषार देशपांडे (3-33) और मुस्तफिजुर रहमान (2-22) के स्पैल ने जडेजा का पूरा साथ दिया। जबकि बल्ले से गायकवाड़ ने एक बेहतरीन पारी खेली और 14 गेंद शेष रहते हुए टीम की जीत पक्की कर दी। अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किए गए एक वीडियो में चोपड़ा ने घरेलू मैदान पर सीएसके की लगातार जीत की सराहना की। उन्होंने कहा, चेन्नई सुपर किंग्स, 'चेपॉक सुपर किंग्स हैं'। वे चैंपियन सुपर किंग्स हैं। वे एक ऐसी टीम हैं जो घर पर नहीं हारती हैं। कोई भी उन्हें घर पर हरा नहीं पाया है। कोई भी उनके गढ़ को तोड़ने में सक्षम नहीं है। केकेआर टीम बेहद मजबूत है, लेकिन उनके लिए कुछ भी काम नहीं आया। न तो बल्लेबाजी और न ही गेंदबाजी। आकाश चोपड़ा ने मैच जिताने वाले गेंदबाजी स्पेल और मैदान में काफी सक्रिय रहने के लिए रवींद्र जडेजा की भी तारीफ की।

# श्रीनगर की डल झील पर हाउसबोट्स तक खाना डिलीवर करेगा स्विगी




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने कहा कि अब उसने श्रीनगर में डल झील पर हाउसबोट्स पर रहने वाले पर्यटकों की सुविधाओं के लिए फूड डिलीवरी शुरू कर दी है। कंपनी ने अपनी इस पहल को लेकर शिकारा ऑपरेटरों के साथ पार्टनरशिप की है, जो हाउसबोट के दरवाजे तक डिलीवरी करने में स्थानीय डिलीवरी भागीदारों की मदद करेंगे। स्विगी फूड के राष्ट्रीय व्यापार प्रमुख सिद्धार्थ भाकू ने एक बयान में कहा, स्विगी हाउसबोट डिलीवरी लोकेशन की परवाह किए बिना सर्विसेज देने के कंपनी के मिशन का एक प्रमाण है। उन्होंने आगे कहा, शिकारा पहल द्वारा हमारी फूड डिलीवरी हमारे ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है, चाहे वे शहर की सड़कों पर घूम रहे हों या हाउसबोट पर आराम कर रहे हों। इसके अलावा कंपनी ने उल्लेख किया कि स्थानीय डिलीवरी भागीदारों को उनके समय के लिए उचित पैसा दिया जाएगा, क्योंकि इसमें ऑन-रोड डिलीवरी से अधिक समय लग सकता है। स्विगी ने कहा, इससे रेस्तरां के लिए ग्राहकों तक पहुंचने और उनके स्वादिष्ट व्यंजनों को सीधे उनके दरवाजे पर पेश करने के नए अवसर खुलते हैं। 2022 में श्रीनगर में परिचालन शुरू करने वाले स्विगी के प्लेटफॉर्म पर 300 से अधिक रेस्तरां हैं, जो स्थानीय लोगों और पर्यटकों को समान रूप से विभिन्न प्रकार के व्यंजन पेश करते हैं। स्विगी फूड ने 600 से अधिक शहरों में लगभग दो लाख रेस्तरां के साथ सहयोग किया है।

## मयंक यादव की चोट गंभीर नहीं : क्रुणाल पांड्या



**लखनऊ ( एजेंसी )।** आईपीएल 2024 की सबसे तेज गेंद फेंकने वाले एलएसजी के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव गुजरात के खिलाफ चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए। गुजरात के खिलाफ मयंक ने मात्र एक ओवर डाला और उसमें 13 रन दिए। मैच के बाद बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने मयंक की चोट पर अपडेट दिया। क्रुणाल पांड्या ने कहा, युवा तेज गेंदबाज मयंक मैदान से बाहर आने के बाद ठीक लग रहे थे। मैंने उनसे बातचीत की और वह पहले से बेहतर थे, जो हमारे लिए राहत की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मयंक पसली में खिंचाव और चोट के कारण बाहर चले गए। तेज गेंदबाज यश ठाकुर के पंजे के अलावा, क्रुणाल ने खुद एलएसजी की आईपीएल 2024 की तीसरी जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं कप्तान केएल राहुल इस बात से भी खुश थे कि कैसे मयंक की अनुपस्थिति के बावजूद उनके गेंदबाजों ने अपने घरेलू मैदान पर एक और स्कोर का बचाव करने के लिए एकजुट होकर शानदार गेंदबाजी की। एलएसजी अब चार मैचों में से तीन जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और शुक्रवार शाम को दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेगा।

## एचडीएफसी बैंक ने लक्षद्वीप के कवरत्ती द्वीप में अपनी नई शाखा खोली

### केंद्र शासित प्रदेश में शाखा रखने वाला एकमात्र निजी क्षेत्र का एकमात्र बैंक

**कावारत्ती, लक्षद्वीप:** एचडीएफसी बैंक ने केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के कावारत्ती द्वीप में अपनी एक नई शाखा खोली है। इस नई शाखा के साथ एचडीएफसी बैंक इस केंद्र शासित प्रदेश में शाखा रखने वाला एकमात्र प्राइवेट बैंक बन गया है।

इस नई शाखा का उद्घाटन भारतीय नौसेना के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन लवकेश ठाकुर और जाने माने स्थानीय निवासी डॉ. केपी मुथुकोया ने किया। इस अवसर पर श्री एस संपतकुमार, ग्रुप हेड, रिटेल ब्रांच बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक और श्री संजीव कुमार, ब्रांच बैंकिंग हैड, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी और अन्य स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस शाखा का उद्देश्य पर्सनल बैंकिंग, डिजिटल बैंकिंग पर ध्यान केंद्रित करने वाली सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करके केंद्र शासित प्रदेश में बैंकिंग के बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करना है, जिसमें रिटेल विक्रेताओं के लिए क्यूआर आधारित लेनदेन सहित कस्टमाइज्ड डिजिटल समाधान




भी शामिल हैं। नई शाखा के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, श्री एस संपतकुमार, ग्रुप हेड, रिटेल ब्रांच बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि एचडीएफसी बैंक की शाखाएं कश्मीर के ठंडे इलाकों, कन्याकुमारी के दक्षिणी सिरे और अब लक्षद्वीप द्वीप में हैं। यह ग्राहकों को अत्यंत सुविधाजनक तरीके से, चाहे वे कहीं भी हों, सेवा देने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हम लक्षद्वीप में व्यक्तियों, परिवारों और व्यवसायों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने और उनकी वित्तीय यात्रा में एक विश्वसनीय भागीदार बनने और द्वीप के समग्र विकास में योगदान देने के लिए तत्पर हैं।

## एमजी मोटर इंडिया ने लांच की हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** 100 सालों की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी (मॉरिस गैरेज) मोटर इंडिया ने आज भारत में एमजी हेक्टर का ब्लैकस्टॉर्म संस्करण/एडिशन लांच किया है। एमजी हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म को गन मेटल एक्सेंट्स के साथ स्टारी-ब्लैक कलर एक्सटीरियर और ब्लैक थीम इंटीरियर के साथ डिजाइन किया गया है, जो भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी के पॉवरफुल कैरेक्टर को प्रदर्शित करता है। कई तकनीक और कनेक्टेड फीचर्स से लैस, हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म अपने विशिष्ट लुक के साथ एसयूवी बॉयर्स/ खरीदारों के लिए पॉवर और लग्जरी का एक असाधारण पैकेज पेश करती है। बेस्ट-इन-सेगमेंट ऑफरिंग्स और यूनिक डिजाइन एलिमेंट्स/तत्वों के साथ हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म संस्करण/एडिशन 5,6 और 7 सीटर कॉन्फिगरेशन में उपलब्ध है। हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म रुपये 21.24 लाख (एक्स-शोरूम) की आकर्षक कीमत पर शुरू होती है। हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म अपने बोल्ड और डायनैमिक ब्लैक एस्थेटिक्स/सौंदर्य के साथ ध्यान आकर्षित करती है, जो डॉर्क क्रोम एलिमेंट्स/तत्वों से सुसज्जित है। इनमें डॉर्क क्रोम ब्रांड लोगो, डॉर्क क्रोम आर्गाइल इंस्पायर्ड डायमंड मेश फ्रंट ग्रिल, स्किड प्लेट्स पर डॉर्क क्रोम इंसर्ट्स, डॉर्क क्रोम टेलगेट गार्निश, बॉडी साइड क्लैडिंग में डॉर्क क्रोम फिनिश आदि शामिल हैं। यही नहीं, रेड कैलिपर्स के साथ आर 18 स्पोर्टी ऑल ब्लैक अलॉयज, पियानो ब्लैक रूफ रेल्स, पियानो ब्लैक बेज़ल के साथ एलईडी हेडलैम्प और स्मोक्ड कनेक्टिंग टेल लाइट्स समेत अन्य ब्लैक हाइलाइट्स द्वारा प्रीमियम लुक को और बढ़ाया गया है, जो हर नजर में देखने वालों को लुभाता है और सड़क पर एक बोल्ड स्टेटमेंट देता है। इसके अलावा, कस्टमर्स बिना किसी अतिरिक्त लागत/ एडिशनल कॉस्ट के डीलरशिप पर ब्लैकस्टॉर्म एम्ब्लम फिट करवा सकते हैं। एमजी हैक्टर ब्लैकस्टॉर्म को आकर्षक एक्सटीरियर के अलावा भव्य ब्लैक थीम इंटीरियर के साथ तैयार किया गया है, जिसकी खूबसूरती में गन मेटल एक्सेंट्स इजाफा करते हैं। यह व्हीकल की मॉडर्निटी/आधुनिकता और लग्जरी को उजागर करता है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, गुरुवार 11 अप्रैल 2024

## श्रीमती कंगाले ने मतदाता जागरूकता के हेलमेट स्टीकर का किया विमोचन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आज हेलमेट स्टीकर का विमोचन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री नीलेश क्षीरसागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी श्री संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के अभिनव कार्य किए जा रहे है। इसी कड़ी में दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जाएगा।



# संक्षिप्त समाचार

## रंगमंदिर ऑडिटोरियम रायपुर में उमड़ने लगा जादू प्रेमियों का जनसैलाब

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रंगमंदिर ऑडिटोरियम (एयरकूल्ड) सिटी कोतवाली चौक के पास रायपुर में चल रहे जादूगर सम्राट अजूबा के शो में जादू कला प्रेमियों का जनसैलाब उमड़ने लगा है। इस अद्भुत मनोरंजक शो का जिक्र शहर भर में सुना जा रहा है। जादूगर अजूबा के द्वारा दिखाए जा रहे हैरतअंगेज कारनामों का मोहक असर हर उस व्यक्ति के सिर चढ़कर बोल रहा है जो इस रोमांचक शो को देखकर बाहर निकलता है। शो में किसी को जादूगर द्वारा मुँह से दर्जनों ब्लेड निकालना चकित करता है तो किसी को लड़की को दो भाग में काट देना, किसी हवा से उड़ती लड़की को देखना हैरत से भर देता है। वहीं अंडर वाटर डेथ चैलेंज मैजिक देख बच्चे और बड़े भी आश्चर्य से भर जाते हैं। शो में दिखाए जा रहे कॉमेडी भी लोगों को खूब हँसाता है। अनेक नए – नए करतबों से सजा धजा जादूगर अजूबा का भव्य इंद्रजाल शो शहर में मनोरंजन का मुख्य आकर्षण बना हुआ है। अपने करतबों के बीच तिलिस्मी करतबों के बादशाह अजूबा आपके इर्द गिर्द आनंद और कल्पना का ऐसा जाल बुनते हैं, जिससे जीवन के सारे तनाव दूर हो जाते हैं और आप कल्पना के एक नए लोक में विचरण करने लगते हैं। शो के प्रबंधक रुद्र प्रताप सिंह के अनुसार रोजाना 3 शो चलते हैं– दोपहर 1 बजे से 4 बजे एवं शाम 7 बजे। जिसका टिकट आप ऑनलाइन www.jadugarajooba.com से या ऑफलाइन रंगमंदिर परिसर में बने जादूगर अजूबा टिकट काउन्टर से ले सकते हैं।



## विकास कुमार कश्यप ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया



**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** श्री विकास कुमार कश्यप ने आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के पद पर अपना कार्यभार ग्रहण किया है। पूर्व मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री साकेत रंजन का स्थानांतरण बिलासपुर रेल मण्डल में वरिष्ठ संरक्षा अधिकारी के प्रद पर हुआ है। श्री विकास कुमार कश्यप 2011 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा (IRTS) के अधिकारी है। श्री कश्यप इससे बिलासपुर रेल मण्डल में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक के पद पर कार्यरत थे। उन्होने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर भी कार्य किया है।

# रायपुर के मतदाताओं को जागरूक करने निकाली गई बाइक रैली, स्वीप एक्सप्रेस

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने दिखाई हरी झण्डी, किया रैली का नेतृत्व

### महिला-पुरूष छत्तीसगढ़ी परिधान में, हेलमेट में लगे थे मतदाता जागरूकता के स्टीकर






**हेलमेट पहन श्रीमती कंगाले ई-स्कूटर और कलेक्टर डॉ. सिंह ने बुलेट पर सवार होकर रैली में शामिल और मतदान करने की अपील**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लोकसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में आज रायपुर जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आज दोपहर को बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसे छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने हरी झण्डी दिखाई। इसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री निलेश क्षीरसागर एसएसपी श्री संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप शामिल हुए। साथ ही स्वीप एक्सप्रेस भी निकाली गई जिसका फीता काटकर श्रीमती कंगाले ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रायपुर जिला प्रशासन द्वारा जो बाइक रैली के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने की जो अपील की जा रही है, वह सराहनीय हैं। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि ऐसी रैली का और इस समय आयोजन करने का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करना हैं। 07 मई को रायपुर लोकसभा मतदान का दिन है। इस दिन सभी मतदाता अपने घरों से निकले और धूप, गर्मी की परवाह ना करते हुए बूथों में जाकर मतदान करें। यह दिन पांच साल में एक बार आता है। अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करें।

बाइक रैली कलेक्ट्रेट परिसर से आकाशवाणी चौक होते हुए व्हाइट हाउस, श्याम टॉकीज, लिली चौक, पुरानी बस्ती विवेकानन्द आश्रम, एनआईटी कैम्पस, नालन्दा परिसर में समाप्त हुई। रैली का नेतृत्व श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने किया। श्रीमती कंगाले स्वंय हेलमेट पहने हुए ई-स्कूटर आई क्यूब पर सवार थी, जिसमें चुनाव का पर्व, देश का पर्व की तख्ती लगी हुई थी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह हेलमेट पहने हुए बुलेट पर सवार थे उनके पीछे नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा बैठे थे। नालंदा परिसर में समाप्त होने के पश्चात् छोटा कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें एआईजी श्री संजय शर्मा और उनकी टीम के द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित जुम्बा प्रस्तुत किया गया। साथ ही श्री तेजराम साहू ने लोक नृत्य प्रस्तुत करते हुए मतदाताओं से वोट डालने की अपील की। इस अवसर पर श्रीमती कंगाले ने मतदान करने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर जुम्बा एवं लोक कलापथक दल के कलाकारों को स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित पुस्तकें भेंट की गई।

गौरतलब है कि स्वीप एक्सप्रेस के चारो तरफ मतदाता जागरूकता से जुड़े पोस्टर और फोटोग्राफ्स लगे हुए थे, इसमें लोक कलाकार सवार थे। रैली में महिलाएं और पुरूष छत्तीसगढ़ी वेश-भूषा धारण किए हुए थे। बाइक रैली में अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए जो मतदाता जागरूकता से जुड़ी हुई तख्तियां लिए हुए थे। इनमें हमारी जिम्मेदारी, मतदान करेंगे बारी-बारी, आगे-आगे लोकतंत्र के तिहार, वोट देवव बनव जिम्मेदार, दाई, भाई, दीदी जम्मो संगवारी, मतदान करना हमर जिम्मेवारी इत्यादि नारे लिखे हुए थे। यहीं नहीं कलेक्टर सहित अन्य बाइक सवारों के हेलमेट पर वोट फॉर बेटर इंडिया, चुनाव का पर्व, देश का पर्व का स्टीकर चिपका हुआ था।

## छत्तीसगढ़ प्रान्तीय अखण्ड ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा मनाया गया "हिन्दू नववर्ष" उत्सव



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छ.ग.प्रान्तीय अखण्ड ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा आज हिन्दू नववर्ष उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री ज्ञानेश शर्मा जी पूर्व योग आयोग अध्यक्ष व पार्षद, अध्यक्ष श्रीमती भारती किरण शर्मा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीनल चौबे, नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद, व श्री मृत्युंजय दुबे पार्षद सुंदर नगर रायपुर, श्रीमती निशा तिवारी प्रदेश अध्यक्ष नारी प्रकोष्ठ, संजय शुक्ला प्रदेश सचिव की उपस्थिति में परशुराम भगवान एव मां भगवती कीपूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। सर्व प्रथम 101 कन्याओं के पद प्रक्षालन कर माहूर कुमकुम कर कन्या भोजन और सभी को उपहार स्वरूप सिंगार, पेन, पेन्सिल, चाकलेट, क्रेयान बाक्स दिया गया। मातृशक्तियों द्वारा जसगीत प्रतियोगिता में भाग लिया गया।आयोजन पश्चात सभी को मोमेंटो व अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। बालक बालिकाओं के नृत्य व हिन्दू धर्म व संस्कृति पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर धर्म जागरण का पुनित कार्य किया गया। साथ ही प्रेरणा स्वरूप बच्चों को ईनाम भी दिया गया। तत्पश्चात 1001दीपक जलाकर नववर्ष व नवरात्री पर्व पर मां भवानी को समर्पित किया गया।साथ ही ध्वज, वितरण कर सभी सामाजिक व्यक्तियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गयी। सभी अतिथि द्वारा नववर्ष पर शुभकामनाएं प्रेषित की गयी। सभी व्रतधारियों के लिए फलाहार व भोजन की व्यवस्था की गयी। कार्यक्रम में रायपुर जिला समस्त पदाधिकारी व प्रदेश पदाधिकारी प्रीति शुक्ला, सरिता दुबे, सरिता तरूण शर्मा, विजय लक्ष्मी शर्मा, बीनू मिश्रा अल्का दीवान, सतीश शर्मा, कमलेश शर्मा, प्रकाश दीवान, प्रकाश दुबे हेमलता शुक्ला रत्ना तिवारी शुभाशीणी शर्मा सुषमा शुक्ला रीता रानी सुमन अणिमा अरुणा अनिता, गौरव दुबे सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता व समाज के सम्मानित लोगों की अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहीं।

## स्वदेशी खादी महोत्सव में उमड़ा जन सैलाब, प्रदर्शनी समिति दिनों के लिए, छत्तीसगढ़ हाट पंडरी बाजार




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 'स्वदेशी खादी महोत्सव में उमड़ी जन सैलाब, प्रदर्शनी समिति दिनों के लिए' छत्तीसगढ़ हाट पंडरी बाजार में इन दिनों स्वदेशी खादी महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें देश के तकरीबन सभी राज्यों के बुनकरों की दस्तकारी हुई है। एक से बढ़कर एक नयाब कलेक्शन हथकरघा एवं हस्तशिल्प वस्तुओं का शहर वासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, प्रदर्शनी में मेरठ के खादी कुर्ते, लखनऊ चिकन, कश्मीरी साड़ी बनारसी साड़ी हैदराबाद कॉटन साड़ी जैसे विभिन्न उत्पादों के साथ-साथ भीषण गर्मी को देखते हुए सूती वस्त्रों की विशाल रेंज प्रदर्शनी संचालको द्वारा लाई गई है, जो शहर वासियों को काफी अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है और सहरवासी इसका बढ़ चढ़कर लाभ ले रहे हैं, 'समर (गर्मी) की सूती बस्त्रो की जबरदस्त खरीदारी का एक मात्र स्थान स्वदेशी खादी महोत्सव' चुकी घर बैठे सभी राज्यों की वस्तुओं को काफी किफायती दामों पर एक ही छत के नीचे प्राप्त कर लेना वाकई शाहरवासियों के लिए एक का अनोखा अनुभव है प्रदर्शनी में सभी स्थानों पर क्रेडिट और डेबिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध है हथकरघा वस्तुओं पर 10 प्रतिशत तथा हस्तशिल्प वस्तुओं पर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट संस्था द्वारा दी जा रही है। संचालक अनुराग मिश्रा ने सहरवासियों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आए और इस छूट का लाभ उठाएं प्रदर्शनी का समय सुबह 10:00 बजे से लेकर के रात्रि के 10:00 बजे तक है। यह प्रदर्शनी 15 अप्रैल तक रहेगी।

## एनटीपीसी ने 10,000 बालिकाओं के उत्थान के लिए बालिका सशक्तिकरण मिशन का नया संस्करण लॉन्च किया




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एनटीपीसी लिमिटेड, भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी, अप्रैल 2024 से शुरू होने वाली अपनी प्रमुख सीएसआर पहल, गर्ल एम्पावरमेंट मिशन (जीईएम) का नवीनतम संस्करण लॉन्च करने की तैयारी कर रही है।

नए संस्करण में बिजली प्रमुख के 42 चिन्हित स्थानों पर समाज के वंचित वर्गों के लगभग 3000 मेधावी बच्चों को जोड़ा जाएगा, जिससे लाभार्थियों की कुल संख्या 10,000 से ऊपर हो जाएगी। यह कार्यक्रम भारत सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पहल के अनुरूप है और लड़कियों की कल्पनाओं को पोषित करके और असीमित अवसरों का पता लगाने की उनकी क्षमता को बढ़ावा देकर लैंगिक असमानता से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया है। लक्ष्य उन्हें परिवर्तन के उत्प्रेरक बनने, प्रभावित करने के लिए सशक्त बनाना है। न केवल वे बल्कि उनके परिवार, समुदाय और समग्र रूप से राष्ट्र भी।

अब तक, GEM ने कुल 7, 424 लड़कियों को लाभान्वित किया है, हर साल प्रतिभागियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अकेले 2023 में, भारत के 16 राज्यों में फैले एनटीपीसी के 40 स्थानों पर 2, 707 लड़कियों ने कार्यशाला में भाग लिया। GEM मिशन, जिसे 2018 में केवल तीन स्थानों और 392 प्रतिभागियों के साथ एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था, तब से एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गया है। 2020 और 2021 में महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, कार्यक्रम ने अपनी पहुंच और प्रभाव का विस्तार जारी रखा है।

जीईएम वर्कशॉप ने कौशल विकास, आत्मविश्वास-निर्माण और परामर्श के लिए अपने समग्र दृष्टिकोण के लिए व्यापक प्रशंसा प्राप्त की है। लड़कियों को आवश्यक उपकरणों और अटूट समर्थन से लैस करके, एनटीपीसी का लक्ष्य आने वाली पीढ़ियों के लिए उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है।

कंपनी के बालिका सशक्तिकरण मिशन के अनुरूप, एनटीपीसी कोरबा ने पिछले तीन वर्षों में आसपास के गांवों की लगभग 360 लड़कियों को सशक्त बनाया है। इस वर्ष, एनटीपीसी कोरबा राष्ट्र की लड़कियों को सशक्त बनाने और प्रेरित करने की अपनी सच्ची भावना को जारी रखने के लिए बालिका सशक्तिकरण मिशन 2024 के नए सीज़न की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## स्वच्छता दीदीयों ने संभाली मतदान कराने की कमान

**कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदान करने कर रही प्रोत्साहित**

**राजनांदगांव ( आरएनएस )।** स्वच्छता दीदी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के साथ ही नागरिकों को लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित कराने 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान करने का संदेश दे रही हैं। डोंगरगांव विकासखंड की स्वच्छता दीदीयों ने कम मतदान वाले क्षेत्रों के घर-घर पहुंचकर नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं। एसडीएम डोंगरगांव श्री मनोज कुमार मरकाम ने बताया कि डोंगरगांव विकासखंड में 70 प्रतिशत से कम मतदान वाले ग्राम पंचायतों में स्वच्छता दीदी ठोस एवं तरल कचरा संग्रहण के साथ-साथ स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की कमान भी संभाली है। कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर उन गांवों में स्वच्छता दीदी द्वारा घर-घर जाकर कचरा संग्रहण के अलावा 26 अप्रैल लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए नागरिकों को प्रेरित कर रही हैं। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में मतदान हेतु पंजी संधारित की गई है। जिसमें सभी को आमंत्रण भी दिया जा रहा है कि 26 अप्रैल को लोकतंत्र के पर्व में मतदान देने हेतु आप सभी आमंत्रित है। आमंत्रण पत्र में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे का समय व स्थान मतदान केन्द्र अंकित है।

## बिजली आपूर्ति की निरंतरता व बहाली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : पी. दयानंद

**कंपनी अध्यक्ष के तीखे तेवर, कड़ी कार्यवाही की चेतावनी**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष एवं ऊर्जा विभाग के सचिव पी.दयानंद ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वितरण कंपनी के क्षेत्रीय प्रमुखों को कड़े निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि असावधानी के कारण बिजली आपूर्ति असामान्य रूप से बाधित रहने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। मरम्मत के लिए बिजली आपूर्ति बंद करने की सूचना उपभोक्ताओं को मीडिया के माध्यम से अनिवार्य रूप से दी जाए। ऐसा कोई भी कार्य जनता को विश्वास में लेकर किया जाए। प्रदेश के कुछ स्थानों से बिजली की आँख -मिचौली की खबरों को गंभीरता से लेते हुए दयानंद ने आज विद्युत सेवा भवन ,डंगनिया रायपुर में एम डी सहित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें क्षेत्रीय ईडी एवं मुख्य अभियंताओं को वीसी के माध्यम से जोड़ा गया। दयानंद ने क्षेत्रीय प्रमुखों से उनके क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। कुछ क्षेत्रों में अधिक शिकायतें पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की ,वहीं जहां न्यूनतम समय में रेस्पांस और सुधार की जानकारी मिली ,उसकी उन्होंने तारीफ की। दयानंद ने मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वे अपने फील्ड में लगातार दौरा करें, उपभोक्ताओं और फील्ड स्टाफ के नियमित संपर्क में रहें। नियमित रखरखाव की निगरानी करते रहें और ब्रेक डाउन की स्थिति में फौरन सुधार सुनिश्चित करें। गर्मी की पीक डिमांड आना अभी शेष है अत: उसके लिए पूरी तरह सतर्क और सावधान रहें। इन दिनों लोड बढ़ना,आंधी-तूफान आना आम बात है पर उसका सही प्रबंधन करना हमारा कर्तव्य है,इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दयानंद निर्देश दिये कि दफ्तर और फील्ड में सामंजस्य का पूरा ध्यान रहे। उपभोक्ताओं की बिजली दफ्तरों में पूरी संजीदगी के साथ सुनवाई हो और समाधान मिले, यह सुनिश्चित होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यालय में एम डी पारेषण एवं वितरण आर.के.शुक्ला,ईडी भीमसिंह, संदीप वर्मा, आर.सी.अग्रवाल एववं सीई आनंद राव आदि उपस्थित थे।

**जनता से अपील :** पी. दयानंद ने आम जनता से अपील की है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में संबंधित निकटस्थ कार्यालय में शिकायत अवश्य करें लेकिन तोड़-फोड़ जैसी हिंसक कार्रवाई नहीं करें। बिजली का अधिकतर वितरण-तंत्र खुले में होने के कारण मौसम से प्रभावित होता है। ब्रेक-डाउन की स्थिति में फाल्ट खोजने और सुधार का काम सुरक्षित व शांतिपूर्ण वातावरण में ही संभव होता है।

## बृजमोहन अग्रवाल ने जारी किया मोबाइल नंबर, लोकसभा क्षेत्र की जनता से मांगे सुझाव




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ सरकार के शिक्षा संस्कृति मंत्री एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने जनता से सतत संवाद बनाए रखने के लिए एक अभिनव प्रयोग किया है। उन्होंने एक मोबाइल नंबर जारी कर उसमे रायपुर लोकसभा क्षेत्र की तरक्की और समृद्धि के लिए जनता से सुझाव मांगे हैं।

गौरतलब है कि बृजमोहन अग्रवाल को एक विकासपरक सोच और जनभावनाओं की समझ रखने वाला राजनेता माना जाता है। यही वजह है कि पिछले 35सालों से लगातार 8 बार विधायक बन विधानसभा पहुंच रहे है और राज्य की तरक्की में अपना अमूल्य योगदान सुनिश्चित कर रहे हैं। भाजपा सरकार में भी पांच बार मंत्री भी रहे हैं। उन्हें जब भी जो विभाग की जिम्मेदारी मिलती है वे बखूबी निभाते हैं और अपनी छाप छोड़ जाते हैं। इस बार भाजपा संगठन ने उन्हें रायपुर लोकसभा से अपना प्रत्याशी बनाया है। यहा भी बृजमोहन अग्रवाल पूरी तत्परता के साथ प्रचार में जुटे ही हैं साथ ही क्षेत्र की तरक्की के लिए अभी से योजना बनाने वे जुट गए हैं। उन्होंने एक मोबाइल नंबर जारी करते हुए जनता से सीधे सुझाव मांगे है।

इस संबंध में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि समस्याओं का समाधान और जनभावनाओं के अनुरूप तरक्की तभी होगी जब हम जिम्मेदार जनप्रतिनिधि सीधा संवाद जनता से करेंगे। इसी सोच के साथ मैंने यह मोबाइल नंबर 92 38 72 72 00 क्षेत्र की जनता के साथ साझा किया है। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय जनता पार्टी का मकसद समाज के अंतिम छोर पर खड़े अंतिम व्यक्ति की जीवन में खुशहाली लाना है। उसके लिए हम हर संभव प्रयास करते हैं। समृद्धि की राह पर रायपुर लोकसभा और ज्यादा तेज गति से आगे बढ़े इसके लिए जनता से संवाद करके उनके मन मुताबिक कार्य करने में जनता के साथ होने वाला संवाद सहायक सिद्ध होगा और रायपुर की आवाज दिल्ली तक आसानी से पहुंच सकेगी।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354